MPHIN/2021/83938



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 9 | ग्वालियर, 16 नवम्बर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकियों की साजिश नाकाम, उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे 2 टेररिस्ट ढेर



जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और दो आतंकवादियों को मार गिराया. फिलहाल सेना इलाके में सर्च अभियान चला रही है. भारतीय सेना ने कहा कि आतंकवादी खराब विजिबलिटी और खराब मौसम का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे. सेना ने कहा, ÷नियंत्रण रेखा के पास उरी सेक्टर में सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी.ठंड के समय में बर्फबारी और कम विजिबलिटी की वजह से आतंकी पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ की कोशिश करते हैं. हालांकि, भारतीय जवान इन मुश्किल परिस्थियों में भी बॉर्डर पर मुस्तैद रहते हैं और इस तरह की घुसपैठ को विफल कर देते हैं.

**अक्टूबर में भी आतंकियों ने की थी घुसपैठ की कोशिश**–सुरक्षाबलों ने अक्टूबर महीने में भी एक ज्वाइंट ऑपरेशन में उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया था. इस दौरान सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया था. आतंकियो के मारे जाने के बाद सेना ने घटनास्थल से 2‹य सीरीज की राइफलें, 6 पिस्तौल और 4 चीन हैंड ग्रेनेड बरामद किया था.

### दो साल से बंद पड़ा था फ्लैट, अंदर प्लास्टिक के ड्रम में कंकाल देख मकान मालिक के उड़ गए होश,




पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के बागुईआटी इलाके से चौंका देने वाली खबर सामने आई है. दो साल से बंद पड़े एक फ्लैट के अंदर प्लास्टिक के ड्रम में एक महिला का कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. हैरान करने वाली बात ये है कि इस ड्रम को सीमेंट से जमा रखा था.दरअसल, चार मंजिला की इमारत में टॉप फ्लोर पर बने इस फ्लैट को मकान मालिक ने एक नेपाली कपल को किराए पर दिया था. ये लोग कोरोना काल से ही इस फ्लैट पर रह रहे थे. उसके बाद घर जाने की बात कहकर ये लोग फ्लैट लॉक करके चले गए. मगर किराया समय से भेजते रहे. पिछले कुछ महीनों से ये कपल किराया देने में आनाकानी करने लगे और कहा कि आर्थिक तंगी की वजह से पैसों की दिक्कत हो रही है.

**कैसे हुआ मामले का खुलासा**–इसके बाद मकान मालिक उनसे फोन पर लगातार संपर्क करने की कोशिश करता रहा लेकिन इन लोगों का फोन बंद आने लगा. फिर उन्होंने इस फ्लैट की सफाई कराने की सोची और सफाईकर्मियों के साथ फ्लैट के अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए. उन्होंने देखा कि फ्लैट के बाथरूम में एक प्लास्टिक का ड्रम सीमेंट से पक्का करके रखा हुआ है. जब इन लोगों ने इस ड्रम को खोला तो इसमें एक कंकाल मिला.

**मकान मालिक ने क्या कहा**–फ्लैट के मालिक गोपाल मुखर्जी ने बताया, ÷इस कपल की उम्र 30 साल के आसपास रही होगी और कोविड के समय से ही वो यहां रह रहे थे. साल 2021 में ये लोग नेपाल चले गए.÷ उन्होंने आगे बताया, ÷उन लोगों ने मुझसे कहा था कि वो कुछ महीनों के लिए अपने घर जा रहे हैं लेकिन वो लौटे नहीं. हां वो किराया समय पर भरते रहे. पिछले साल से इन लोगों ने किराया भी लेट कर दिया. फिर पिछले 6 महीनों से तो बिल्कुल भी किराया नहीं दिया. दो महीने पहले महिला का फोन आया तो उसने वादा किया कि वो पूरा किराया दे देगी.सूत्रों के मुताबिक इस ड्रम में जो कंकाल पाया गया है उसके हाथ में बैंगल और नाइट ड्रेस जैसी दिखने वाली चीज भी मिली है. हालांकि अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि ये कंकाल महिला का है या पुरुष का.

**पुलिस ने क्या कहा**–मामले पर अधिकार जानकारी देते हुए बिधाननगर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) बिस्वजीत घोष ने कहा, ÷हमने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जिससे कि उसके जेंडर का पता लगाया जा सके. साथ ही उसकी मौत का कारण और समय भी पता लगाना है.÷ उधर, मकान मालिक मुखर्जी ने किराएदारों की न तो कोई फोटो दी और न हीं उन्हें इन दोनों के नाम याद हैं. हालांकि उन्होंने ये जरूर दावा किया है कि उन्होंने रेंट एग्रीमेंट बनवाया था. साथ ही उन्होंने पुलिस को एक नंबर भी दिया जो स्विच ऑफ जा रहा है.

### क्योंकि मुझे लगा कि..., अनुच्छेद 370 को लेकर यूटर्न पर बोलीं शेहला रशीद



जेएनयू छात्रसंघ की पूर्व उपाध्यक्ष शेहला रशीद ने मुस्लिम, मॉब लिंचिंग, जम्मू कश्मीर और पाकिस्तान से लेकर विभिन्न मुद्दों को लेकर बात की. इस दौरान उन्होंने ये बताया कि सुप्रीम कोर्ट में 370 को लेकर दायर की गई याचिका वापस क्यों ली. मुस्लिम आबादी को आपकी तरह बोलने के लिए कहना क्या अनुचित है? इस सवाल पर शेहला रशीद ने कहा, भारत बड़ा देश है. देश में कई मॉब लिंचिंग की घटनाएं हुई है. मुस्लिमों के खिलाफ कई बयान भी दिए गए हैं. इससे दुख जरूर होता है, लेकिन क्या हमें नकारात्मकता के नैरेटिव पर ध्यान देना चाहिए है. मुझे ऐसा नहीं लगता क्योंकि हमने ऐसा करके कई साल गंवाए हैं.

**पाकिस्तान का किया जिक्र**–जम्मू कश्मीर और दिल्ली में आप ( शेहला रशीद) स्टूडेंट एक्टिविस्ट थे तो आपको नहीं लगता कि पाकिस्तान के अलगाववाद के नैरेटिव में थे? इस सवाल पर शेहला रशीद ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि जब 370 हटाया गया तो मैं अंतर्राष्ट्रीय कोर्ट और पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट नहीं गई, लेकिन मैं भारत के सुप्रीम कोर्ट में गई थीं. मैंने अपनी याचिका इसलिए वापस ली क्योंकि मुझे लगा कि लोगों को अच्छा परिणाम मिल रहा है.

### पुलिस की नौकरी छोड़ सियासी मैदान में उतरे बिलर सिंह, इस आदिवासी इलाके में बढ़ेगी कांग्रेस की मुश्किलें

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के प्रचार में अब कुछ ही घंटे बचे हैं. इसी बीच कांग्रेस और बीजेपी जैसे मुख्य दलों की चिंता निर्दलीय प्रत्याशियों ने बढ़ा रखी है. ऐसे में प्रदेश की बुरहानपुर जिले की आदिवासी बहुल नेपानगर विधानसभा सीट से ऐसे ही एक प्रत्याशी ने दोनों मुख्य दलों की नींद उड़ा रखी है. बता दें कि अपनी पुलिस की सरकारी नौकरी छोड़ इस आदिवासी प्रत्याशी ने समाज सेवा करने के लिए राजनीति को चुना है. दरअसल, 70 फीसदी आदिवासी मतदाताओं वाली नेपानगर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे आदिवासी समाज के बिलर सिंह जमरा सब इंस्पेक्टर के पद से त्यागपत्र देकर राजनीति में आए हैं

# राजस्थान कह रहा है कि.. पीएम मोदी का कांग्रेस पर वार, सीएम अशोक गहलोत और लाल डायरी का भी जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इनकी सरकार राजस्थान में जाने वाली है. ये लोग भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं. उन्होंने इस दौरान दावा किया कि बीजेपी की सरकार बनेगी. पीएम मोदी ने राजस्थान के बाड़मेर में कहा, ÷राजस्थान चुनावों में लाल डायरी की चर्चा भी खूब है. क्या लाल डायरी के बाद कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी जितना चाहिए. मै तो आपसे कहूंगा की आप सभी भी जो भी कोंग्रेसी नेता आपसे वोट मांगने आएंगे तो उससे लाल डायरी के बारे में जरूर पूछना.उन्होंने आगे कहा कि राजस्थान कह रहा है कि जा रही है कांग्रेस और बीजेपी आ रही है. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस का डिब्बा गुल है.अब



राजस्थान की बारी है.

**पीएम मोदी ने क्या कहा**–पीएम मोदी ने कठाक्ष करते हुए कहा कि आप सोचिए, जहां-जहां कांग्रेस आती है, वहां आतंकी, दबंग और दंगाई के हौसले क्यों बढ़ते हैं? इसका जवाब है- कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति। कांग्रेस राजस्थान को उस दिशा में ले जा रही है. जहां राजस्थान की संस्कृति और परंपरा खतरे में पड़ जाएगी. उन्होंने कहा कि बीते 5 वर्षों में राजस्थान में आप लोग कोई भी तीज त्योहार शांति से नहीं मना पाए हैं. कभी दंगे, कभी पत्थरबाजी, कभी कर्फ्यू... कांग्रेस की पिछले पांच सालों की यही तस्वीर रही है। इसलिए कांग्रेस को यहां से हटाना बहुत जरूरी है.

**अशोक गहलोत का किया जिक्र**–पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस विधायकों के रिश्तेदारों पर आरोप लगते हैं. कांग्रेस विधायक महिलाओं के खिलाफ खुलकर बयान बाजी करते हैं. जब मुख्यमंत्री (अशोक गहलोत) ऐसे हों जो कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों को फर्जी बता दे तो अत्याचारियों के हौसले बुलंद ही हो जाते हैं.

## सलमान खान की फिल्म तेरे नाम का जिक्र कर प्रियंका गांधी ने कसा तंज, पीएम मोदी के लिए भी फिल्म बननी चाहिए मेरे नाम

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर जमकर तंज किया. उन्होंने इस दौरान अभिनेता सलमान खान की फिल्म तेरे नाम का जिक्र कर कहा कि पीएम मोदी के लिए मेरे नाम फिल्म बननी चाहिए. उन्होंने दतिया में कहा, मोदी जी का तो पूछिए ही मत. मोदी जी का क्या कहना, देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो परमानेंट अपनी ही



पीड़ा में परेशान रहते हैं. कर्नाटक गए तो एक लिस्ट लेकर गए कि मुझे इतनी गालियां दी. यहां आए तो यहां भी कहने लगे कि इतनी गालियां दी. रोते ही रहते हैं...आपने वो सलमान खान की पिक्चर देखी है, तेरे नाम. उस फिल्म में सलमान खान शुरू से अंत तक रोते ही रहते हैं.

**आदमी की पहचान में टॉप क्लास हैं**- प्रियंका गांधी ने आगे कहा, मैं तो कहती हूं कि मोदी जी के लिए भी पिक्चर बना देते हैं उसका नाम रखेंगे मेरे नाम. मोदी जी आदमी की पहचान में टॉप क्लास हैं. दुनियाभर के कायरों और गद्दारों को इकट्ठा करके अपनी पार्टी में ले लिए. मुझे तो बीजेपी और आरएसएस के जो अच्छे कार्यकर्ता हैं, जो सालों से संघर्ष कर रहे हैं, उनपर तरस आती है. उनका इशारा कांग्रेस छोड़ बीजेपी में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरफ था.

### कैलाश विजयवर्गीय की सभा में अभिनेता मुकेश तिवारी के डायलॉग पर विवाद, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज शाम प्रचार थम जाएगा. इससे पहले कल शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंदौर के बाद गणपति से राजवाड़ा तक रोड शो किया इसमें विधानसभा 1 के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय भी शामिल हुए. इसके बाद कैलाश विजयवर्गीय अपने विधानसभा क्षेत्र में दोबारा पहुंचे और स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत की. इस दौरान फिल्म अभिनेता मुकेश तिवारी भी कैलाश विजयवर्गीय के समर्थन में सभा को संबोधित करते नजर आए.इस दौरान लोगों ने मुकेश तिवारी से उनकी चर्चित फिल्म 'चाइना टाउन' के उस डायलॉग को बोलने का निवेदन किया

### भोपाल में कांग्रेस दफ्तर में पार्टी नेता अनस पठान पर हमला, हथियारों से लैस होकर पहुंचे थे बदमाश



मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेता अनस पठान पर जानलेवा हमला हो गया है. हथियारों से लैस होकर बदमाशों ने पठान पर हमला बोल दिया. कांग्रेस के राष्टीय मीडिया अध्यक्ष की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बदमाशों ने कांग्रेस नेता पर अटैक किया. वहीं इस हमले को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी पर आरोप लगाए हैं.राजधानी भोपाल के कांग्रेस कार्यालय में दक्षिण पश्चिम विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा के समर्थक अनस पठान पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे कांग्रेस कार्यालय में अफरा तफरी का माहौल हो गया. जानकारी अनुसार बुधवार शाम करीब 4ः00 बजे अज्ञात बदमाशों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में घुसकर हमला कर दिया. यहां बदमाशों ने किसी से कुछ नहीं कहा और लाठी-डंडों से कांग्रेस नेता और भोपाल दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा के कट्टर समर्थक अनस पठान पर जानलेवा हमला कर दिया. इस हमले में अनस के सिर पर चोट आई है. वहीं इस हमले के बाद घायल अनस को गंभीर हालत में कार्यालय के पास ही स्थित रेड क्रॉस अस्पताल ले जाया गया. हालत ज्यादा बिगड़ने पर घायल को बसंल अस्पताल में रेफर कर दिया गया. इससे पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अचानक घुसे बदमाशों को देख अफरा-तफरी मच गई

### चुनाव प्रचार के दौरान फिर भिड़े कांग्रेस और बीआरएस कार्यकर्ता, कोंडांगल में इस बार क्यों हुई झड़प




तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के मामले बढ़ते जा रहे हैं. मंगलवार (15 नवंबर) को कोंडांगल विधानसभा क्षेत्र के कोस्गी मंडल में उस समय तनाव पैदा हो गया, जब चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कथित तौर पर बीआरएस नेताओं की कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया.बताया गया है कि बीआरएस के कार्यकर्ता चुनाव प्रचार के लिए कारों में सवार होकर गोस्गी जा रहे थे. तभी कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर उन पर हमला कर दिया. आरोप है कि बाइक सवार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस नेताओं के कारों पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ.

**बीआरएस कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर किया हंगामा**–इस घटना की जानकारी मिलते ही बीआरएस उम्मीदवार पटनम नरेंद्र रेड्डी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे. नरेंद्र रेड्डी के नेतृत्व में बीआरएस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर सर्कल पर धरना दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. प्रदर्शन के दौरान बीआरएस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी भी की. पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करते हुए प्रदर्शनकारियों को शांत किया. पुलिस का कहना है कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है.

**11 नवंबर को भी हुई थी दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प**–इससे पहले दोनों पार्टियों के समर्थक 11 नवंबर को भी एक-दूसरे के सामने आ गए थे. तब नगरकुर्नूल जिले के अचमपेट निर्वाचन क्षेत्र में 11 नवंबर की रात को बीआरएस और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच बड़ी झड़प हुई थी. इसमें कई लोग घायल हो गए थे. झड़प की शुरुआत तब हुई जब बीआरएस उम्मीदवार गुव्वुला बलराजू की कार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोका. कांग्रेस वर्कर्स का कहना था कि बीआरएस नेता कार में नकदी ले जा रहे थे, इसलिए वह वाहन की जांच करना चाहते थे. इसी बात को लेकर दोनों में बहस हुई और नौबत मारपीट तक पहुंच गई.

## जेल से आप सांसद संजय सिंह ने लिखी चिट्ठी, 7 पन्ने में क्या कुछ लिखा है?

दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया. उन्होंने जेल से चिट्ठी लिखते हुए कहा कि मैं हर लड़ाई लड़ने को तैयार हूं. आप भी तानाशाही के ख़िलाफ अपनी आवाज़ बुलंद कीजिए, जय हिंद.सिंह ने कहा कि वर्षों में आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन गई. तीन बार दिल्ली में क्कर्की सरकार बनी, पंजाब में भी प्रचंड बहुमत से सरकार बनी, गुजरात के गढ़ को भेदने में भी केजरीवाल जी को सफलता मिली. आजादी के बाद देशभर में तमाम सरकारें बनी, लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जैसा सराहनीय कार्य केजरीवाल सरकार ने किया वह देश और दुनिया में एक उदाहरण बन गया. संजय सिंह ने लेटर में लिखा, अरविंद केजरीवाल का काम मोदी सरकार की आंखों की किरकिरी बन गया. बीजेपी को लगा अगर देश की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी पर वोट देने लगी तो हमारा क्या होगा? आम आदमी पार्टी ना तो जातिवाद फैलाती, न ही धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम करती है. यह तो काम की राजनीति कर रही है. इनका मुकाबला कैसे करें? मोदी और बीजेपी के



लिए यह बड़ी कठिनाई बन गई. इसी कारण इन्होंने दमन का रास्ता अपनाया, जिस पार्टी को चुनाव में नहीं हरा सकते उनको डराओ, धमकाओं, झूठ फैला कर बदनाम करो.


**संजय सिंह ने क्या कहा**–संजय सिंह ने लेटर में लिखा कि जेल की सलाखों के पीछे कई दिन बीत चुके हैं. हर दिन के साथ निरंकुश सत्ता से लड़ने की इच्छाशक्ति और मजबूत हो रही है. इन दिनो का सदुपयोग मैने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की ÷सत्य के प्रयोग÷, डा. राममनोहर लोहिया की ÷जाति प्रथा÷ और नेल्सन मंडेला की जीवनी पढ़ने से की. इन महापुरुषों के संघर्ष, राष्ट के प्रति उनके समर्पण को पढ़कर लगा कि हर दौर में जुर्म और तानाशाही के खिलाफ लड़ने वाले लोगों को हुकूमत ने अपने दमन का शिकार बनाया है, लेकिन यह भी सच है कि दमन जितना उग्र होता है

### शिवराज के गढ़ में मिर्ची समर्थकों का टोटा, बिना सभा किए बैरंग लौटे सपा प्रमुख अखिलेश यादव



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गढ़ बुधनी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का संबोधन सुनने के लिए समर्थक और भीड़ ही नहीं पहुंच सकी. नतीजतन सपा प्रमुख अखिलेश यादव बगैर संबोधन के ही लौटने को मजबूर हो गए. हालांकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस दौरान मां नर्मदा की पूजा अर्चना की और फिर वापस लौट गए. बता दें बुधनी में सपा ने मिर्ची बाबा को अपना प्रत्याशी बनाया है

### एमपी के 90 पोलिंग बूथों की महिलाकर्मियों के हाथ में होगी कमान, माइक्रो आर्ब्ज़वर भी रखेंगे नजर




मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव 17 नवंबर को होने है. इससे पहले एमपी के सीहोर जिले की चारों हाई प्रोफाइल सीटों पर जिला निर्वाचन सख्त एक्शन मैं है. सीहोर जिले में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि जिले की चारों विधानसभा में मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1238 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं. इसमें बुधनी में 363, आष्टा में 335, इछावर में 275 तथा सीहोर में 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. कलेक्टर ने बताया कि कुल 6206 कर्मचारी मतदान सम्पन्न कराएंगे. मतदान कराने वाले कर्मचारियों में 4719 पुरुष और 1487 महिला कर्मी हैं. जिले में 90 ऐसे मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनका पूरी तरह संचालन महिला कर्मी करेंगी. इन पोलिंग बूथ में 661 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है. इन महिला कर्मियों को सुचारू रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है. बुधनी विधानसभा में महिला कर्मियों की तरफ से संचालित 20 मतदान केंद्रों में 162 महिलाओं की ड्यूटी लगाई गई है.

## 'अटल जी ने किया झारखंड का गठन, हमने किया विकास', बिरसा मुंडा के पैतृक गांव में बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिरसा मुंडा की जयंती पर आज बुधवार ( 15 नवंबर ) झारखंड पहुंचे हैं. मंगलवार (14 नवंबर ) रात को ही वह झारखंड पहुंच गए थे. बुधवार सुबह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और म्यूजियम का दौरा किया. उनके साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद थे.

**अटल जी ने किया झारखंड का गठन, हमने किया विकास**–पीएम मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव पहुंचे, जहां वह भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किए. नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव जाने वाले वह पहले पीएम बने हैं. यहां संबोधन करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ÷पिछले 10 वर्ष में जितना कार्य है उतना पहले कभी नहीं हुआ था. हमारी सरकार के समय 13 करोड से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले है. अटल जी के प्रयास से इस राज्य का गठन हुआ था.




देश के लोगों की समस्या जानने का मुझे नजदीक से मौका मिला है.पीएम ने कहा, ÷झारखंड को अभी 50000 करोड का उपहार मिला है. आज का दिन सौभाग्य से भरा हुआ है. आज मैं भगवान बिरसा मुंडा की घरती से आया हूं. मैं सभी देशवासी को जनजातीय गौरव दिवस की बधाई देता हूं. झारखंड का कौना--कौना विभूतियों से भरा हुआ है. आजादी के लडाई में आदिवासीयों ने मोर्चा लिया. आजादी के बाद देश के आदिवासी वीरों के साथ न्याय नहीं हुआ.÷

**बिरसा मुंडा के गांव में पीएम मोदी**–पीएम मोदी आज भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव पहुंचे. यह झारखंड के खूंटी जिले में है जहां पीएम मोदी केंद्र सरकार की 9 साल की उपलब्धियों और गरीब कल्याण योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे. ये संकल्प यात्रा 25 जनवरी तक देशभर के सभी जिलों से होकर गुजरेगी, जिसकी निगरानी केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी करेंगे . इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्यपाल शामिल होंगे.

**लोकसभा चुनाव से पहले अहम है यात्रा**–बीजेपी सूत्रों ने बताया है कि 2024 के लोक सभा चुनाव से पहले केंद्र की यह प्रचार यात्रा बेहद अहम है . एक तरह से स्थानीय सांसदों और विधायकों के कामकाज का रिकॉर्ड और लेखा जोखा तैयार करने की भी यात्रा मानी जा रही है. केंद्र सरकार के कार्यों को किस तरह से प्रचार प्रसार किया गया है

### कांग्रेस, कमलनाथ और मैं घोषणावीर नहीं, हम तो वचनबद्ध हैं: विक्रम मस्ताल शर्मा

# कांग्रेस प्रत्याशी ने किया बुधनी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगरीय क्षेत्र में जनसंपर्क, मिला रहा जनता का आशीर्वाद



**बुधनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा की कथनी-करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। वे जो घोषणाएं करते हैं वे कभी पूरी नहीं होती है। 25 हजार से अधिक घोषणाएं हुई हैं, लेकिन पूरी अब तक एक भी नहीं हुई है। उनकी चुनाव के समय घोषणाएं होती हैं और चुनाव जीतने के बाद वे घोषणाओं को भूल भी जाते हैं। उनका तो नाम ही घोषणावीर हो गया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और मैं घोषणावीर नहीं है, हम तो वचनबद्ध हैं। जो वचन देते हैं उसे हर हाल में पूरा भी करते हैं। इस बार भी कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सहित बुधनी विधानसभा के लोगों को वचन दिया है और कांग्रेस सरकार बनने पर हर वचन को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा भी किया जाएगा। ये बातें बुधनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने कही है। वे मंगलवार को बुधनी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहे थे। उन्होंने पंडाडोह, देवगांव, पीलीकरार, तालपुरा, बुधनी के वार्ड क्रमांक 3,4,7,8,9,10,11,12,13,14 सहित लाड़कुई, धन्नास, खरसानिया, छिदगांव मोजी, जोगला, वासुदेव, गिलहरि, इटावा, इटारसी सहित कई अन्य गांवों का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह विक्रम मस्ताल शर्मा का फूलमाला पहनाकर स्वागत, सत्कार किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों, माताओं, बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उनसे कांग्रेस पार्टी के लिए आशीर्वाद भी मांगा।

**जो वचन दिया है उसे पूरा भी किया**-विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भी प्रदेश की जनता को वचन दिया था कि सरकार बनने पर सबसे पहले किसानों की कर्जमाफी की जाएगी और उस वचन को सबसे पहले पूरा भी किया। मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद कमलनाथजी ने सबसे पहले किसान कर्जमाफी की फाइल ही साइन की थी। 27 लाख किसानों की कर्जमाफी भी की गई, लेकिन दल-बदलुओं के कारण कांग्रेस की सरकार गिर गई और फिर से घोषणावीर के हाथों में प्रदेश की कमान चली गई। तब से लेकर अब तक घोषणाएं तो कई हुई हैं, लेकिन उन पर अमल अब तक नहीं हुआ है। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, गरीबों, किसानों, आदिवासियों के लिए कई घोषणाएं कर दीं, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। इस बार कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों सहित हर वर्ग के लोगों के लिए अपने वचन पत्र में वचन दिया है और हर एक वचन को पूरा भी किया जाएगा।

**लाड़कुई के साथ हुआ भेदभाव**-विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि लाड़कुई के साथ भाजपा सरकार ने भेदभाव किया है। 17 सालों में लाड़कुई में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया। यहां पर सड़कें नहीं हैं, लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। आज भी लाड़कुई ग्राम पंचायत ही है। यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो लाड़कुई को नगर परिषद बनाया जाएगा।

**भाईदूज की बधाई भी दी**-बुधनी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा 'हनुमानजी' ने बुधनी विधानसभा सहित प्रदेशवासियों को भाईदूज पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भाई-बहन के इस पवित्र त्यौहार को सभी धूमधाम से मनाएं। इस दिन बहनें अपने भाइयों की पूजा करके आरती उतारती हैं और भाई भी अपनी बहनों की रक्षा के लिए



वचन देते हैं उन्हें उपहार देते हैं। मैं भी अपनी सभी बहनों को एक वचन देता हूं कि सभी बहनें अपने इस भाई को आशीर्वाद प्रदान करे और मैं सभी बहनों को उनका अधिकार, नारी सम्मान योजना का लाभ दिलाउंगा।

**अखिलेश यादव से भी हुआ आमना-सामना**-मंगलवार को बुधनी में जहां कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा जनसंपर्क कर रहे थे तो वहीं बुधनी में ही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मिर्ची बाबा के लिए सभा करने अखिलेश यादव भी पहुंचे थे। इस दौरान अखिलेश यादव और विक्रम मस्ताल शर्मा का आमना-सामना भी हो गया। दोनों नेताओं ने आपस में मेल-मुलाकात की, हाथ मिलाया एवं एक-दूसरे से कुशलक्षेम भी पूछी। इसके बाद दोनों अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

# खरगोन पुलिस द्वारा विगत 6 वर्षो से फरार बिनाम्यादी वारन्टी को किया गिरफ्तार

**खरगोन जिले मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा आचार संहिता लागू होने से वारंट तामीली व फरार आरोपियों की गिरड्तारी के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को फरार आरोपियों की गिरड्तारी के संबंध मे पृथक से आदेशित किया गया था । जिसके परिणामस्वरूप थाना कोतवाली खरगोन ने 06 वर्ष से फरार आरोपी



को गिरफ्तार करने मे पाई बड़ी सफलता ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-दिनांक 15.11.2023 को जिला बदर अनावेदको की चैकिग हेतु थाना प्रभारी श्री बी.एल.मण्डलोई के द्वारा एक टीम गठीत की गई थी । टीम उपनिरीक्षक अजय दुबे, सउनि.दिलीप ठाकरे, आशीष सोमवंशी, अरशद खान,प्र.आर.रविन्द्र राठौर, नानकराम,आर. रविन्द्र जाधव, दिपक सिकरवार,मुकेश मालवीय टीम गठीत कर रवाना किया गया था । जिला बदर अनावेदको की चैकिग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि विगत 6 वर्षो से फरार बिनाम्यादी वारन्टी बंटी उर्फ कृष्णा पिता श्यामपाल निवासी मोटी मंदिर के पास मोतीपुरा खरगोन का घर पर आया हुआ है । उक्त गठीत के सदस्यो द्वारा तत्काल कार्यवाही कर फरार वारन्टी बंटी के घर पर दबिश देने पर उक्त वारन्टी घर ही मिला जो टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे गठीत टीम द्वारा घेरा बंदी कर पकडा गया । जिसके 1 बिनाम्यादी वारन्ट, 1 फरारी वारन्ट, 4 गिरफ्तारी वारन्ट जारी होने से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार आरोपीयो के नाम 1.बंटी उर्फ कृष्णा पिता श्याम पाल जाति गडरिया उम्र 25 साल निवासी मोटी माता मंदिर के पास मोतीपुरा खरगोन

**पुलिस टीम**

उक्त की गई कार्यावाही में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खरगोन श्री रोहित लखारे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक बनवारीलाल मण्डलोई, उपनिरीक्षक अजय दुबे, सउनि.दिलीप ठाकरे, आशीष सोमवंशी, अरशद खान,सुरेश चौहान ,प्र.आर.रविन्द्र राठौर, नानकराम,आर. रविन्द्र जाधव, दिपक सिकरवार,मुकेश मालवीय, का सराहनीय योगदा नरहा

# पिता के संकल्प को पुत्र व पुत्री ने निभाया, देहदान कर किया फर्ज अदा ओजस्वी संत की प्रेरणा से हुआ देहदान



**संत रामपाल जी महाराज के शिष्य तेजाराम का मरणोपरांत उनके बेटे ने पाली मेडिकल कॉलेज में किया देहदान**

**खौड गांव के तेजाराम कुमावत के निधन पर पुत्र ने पाली मेडिकल कॉलेज मे शव का किया देहदान**

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

जवाली.खौड संत रामपालजी महाराज के भगत तेजाराम पुत्र उमाराम खौड़ उम्र-95 की मृत्यु होने पर परिवार के लोगों ने बुधवार को पाली मेडिकल कॉलेज में देहदान कर समाज में मानवता की मिसाल पेश की है ।वही बुधवार सुबह 9.30 बजे पाली मेडिकल कॉलेज में मेडिकल हेड डॉ. अनूपसिंह गुर्जर ने बताया कि खौड गांव के तेजाराम कुमावत उम्र 95 वर्ष के मरणोपरांत बॉडी को उनके पुत्र रुपाराम कुमावत व पुत्री तुलसी बाई एवं समाज के लोगों द्वारा मेडिकल कॉलेज पाली मे बॉडी सुपुर्द कीया गया।तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज से पूरे परिवार सहित तेजाराम कुमावत ने भी ली थी नाम दीक्षा, आज किया देहदान वही बेटा रुपाराम कुमावत ने बताया किजगद्गुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज से पूरे परिवार सहित तेजाराम कुमावत ने भी नाम दीक्षा ली हुई है। उन्हीं की प्रेरणा से जीवित ही मेडिकल कॉलेज में देहदान की की घोषणा की गई थी। बेटा रुपाराम कुमावत, बेटी तुलसी बाई, पोत्र कैलाश खौड गांव से मेडिकल कॉलेज पाली को किया देहदान कर मानवता का फर्ज निभाया है।

**कुछ दिन पूर्व देहदान करने का भरा था संकल्प पत्र** -वही वही पुत्र रुपाराम कुमावत ने बताया कुछ ही दिनों पूर्व उनके पिता तेजाराम कुमावत ने जीवत ही अपनी बॉडी का देहदान करने का संकल्प पत्र पाली मेडिकल कॉलेज में भरा था। पिता की अंतिम इच्छा के अनुरूप रुपाराम कुमावत एवं उनके परिवार ने देहदान कर मानवता की मिशाल पेश की। इसकी पूरे परिवार और खौड ग्राम वासियों ने सराहना की।

**मेडिकल स्टूडेंट रिसर्च कर बनेंगे नए डॉक्टर** :डॉ. अनूपसिंह गुर्जरमेडिकल कॉलेज प्रोफेसर और हेड डॉ. अनूपसिंह गुर्जरने बताया इस बॉडी को जरूरत पड़ने तक 50 साल तक हम रख सकते हैं वही शव को कई साल तक सुरक्षित रखने के लिए कई तरह की दवाईयों को शरीर में मिलाया जाएगा।

# अंतर जिला सीमा पर चौकसी बारीकी से कर रही पुलिस जांच

### चुनाव के मद्देनजर पाली पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश,

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

जवाली कोलर पाली-राजस्थान विधानसभा चुनाव को मद्देनजर नजर रखते हुए पाली जिला पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंगला के निर्देशानुसार खिंवाड़ा थाना क्षेत्र की कोट पुलिस चौकी पर बने अंतर जिला चेक पोस्ट पर प्रत्येक वाहन की आवाजाही पर गहनता से पुलिस जांच कर रही है।मौके पर कोट चौकी पहुंचे हमारे संवाददाता को अंतर जिला चेक पोस्ट प्रभारी एवं मुख्य आरक्षक वीरेंद्र सिंह के अनुसार कोट चौकी प्रभारी वरद



सिंह चौहान ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली हर्ष रत्नु व बाली उपाधीक्षक राजेश यादव के मार्गदर्शन एवं खिंवाड़ा थाना प्रभारी घेवर राम डांगी की निगरानी में चेक पोस्ट पर चौबीस घंटे प्रत्येक वाहन के आने जाने पर गहनता से जांच की जा रही है। ठीक इसी प्रकार राजसमंद के दिवेर थाना क्षेत्र से पाली में प्रवेश पर दिवेर में भी दिवेर नयागांव मुख्य सड़क पर पुलिस चेक पोस्ट बनी हुई है।कोट चौकी चेक पोस्ट पर सिपाही कानाराम, राधेश्याम, जेठाराम इत्यादि कार्मिक तैनात किए गए हैं। कोट चौकी नयागांव से दिवेर मुख्य सड़क पर बनी हुई है। यह सड़क पाली जिले को राजसमंद जिले से जोड़ती है।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सभा को किया संबोधित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अटेर । मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव अब अंतिम चरण में है,ऐसे में कांग्रेस के स्टार प्रचारक मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट हेलीकॉप्टर से 1 बजे अटेर विधानसभा के पिथनपुरा चौराहे पर पहुंच कर आम सभा को संबोधित किया, मंच से भाषण के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी और शिवराज सिंह की लाडली बहना योजना पर हमला बोलते हुए कहा कि 18 वर्षों में बहना की याद नहीं आई चुनाव से पहले ही उन्हें आखिर क्यों याद आई, सरकार एक हाथ से लाडली बहन के नाम पर पैसा तो दे रही है,लेकिन वही दूसरे हाथ से बिजली बिल,पेट्रोल,डीजल, रसोई गैस के दामों और महंगाई बढ़ाकर उसी जनता जनार्दन से पैसा भी लूट रही है, वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लोगों पर अत्याचार और जुल्म जमकर हुए हैं,लोगों पर झूठे हरिजन एक्ट लगाकर प्रताड़ित किया गया, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अटेर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी और सरकार में मंत्री रहे डॉ अरविंद




भदौरिया पर विधायक खरीदने के दम भरने का आरोप लगाया वहीं अपने भाई द्वारा दद्दा टैक्स के रूप में वसूली करबाने का भी आरोप लगाते हुए कहा की हाथ की पंजे पर बटन दबाकर इन लोगों को ठीक करो, वहीं उन्होंने मंच से कहा कि कांग्रेस की हवा वह रही है,हर जगह बदलाव की लहर नजर आ रही है,वहीं उन्होंने कहा कि अटेर विधानसभा में जितने भी झूठे मुकद्दमें कायम किए उन सबको सरकार बनते ही बापस लिए जाएंगे। मंच से बोलते हुए राजस्थान के उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दे की बात करती है और वह सड़क, बिजली,पानी,स्वास्थ्य आदि सुविधाओं पर काम करती है, जबकि भाजपा हिंदू - मुसलमान और मंदिर-मस्जिद, जाति -बिरादरी जैसे मुद्दों के अलावा उनके पास कोई मुद्दा ही नहीं है,बिजली,पानी,सड़क,उद्योग, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा कोई मतलब नहीं है,उन्होंने कहा कि हेमंत कटारे को विधायक बना कर भेजो हम सब मिलकर विकास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी हेमंत कटारे ने जनता को जनार्दन (भगवान) मानते हुए मंच से आरती उतारी और विजय का आशीर्वाद लिया। मंच पर प्रदेश महासचिव जय श्रीराम बघेल,रामकिशोर भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# आप से मेरा पारिवारिक रिश्ता, जनसेवा मेरा ध्येय- शशांक सक्सेना

### कांग्रेस प्रत्याशी ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया घर घर जनसंपर्क

**सीहोर।** कांग्रेस की प्रगतिशील और समावेशी विकास की विचारधारा से प्रभावित होकर हर वर्ग कांग्रेस से जुड रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना



ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहे हैं उन्हें लोगों का भरपूर प्यार और आर्शीवाद मिल रहा है। बुधवार को श्री सक्सेना ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जमोनिया तालाब, थूना खुर्द, रायपुरा, मुंगावली, बडवेली, डोबरा, दुपाडिया दांगी, सेमरा दांगी, झागरिया, अतरालिया, बराडी कला, बराडी खुर्द, खुशामदा, सतोर्निया, तोरनिया, छापरी में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया कई स्थानों पर सिर पर साफा बांधकर सम्मानित किया।

इस दौरान श्री सक्सेना ने ग्रामीणों के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि आप लोगों से मेरा राजनीतिक रिश्ता नहीं, पारिवारिक संबंध है। आपका कर्ज है उसे चुकाना चाहता हूं, लोगों ने ही मेरे पिता को राजनीति में पहचान दी। प्यार,सम्मान और ताकत दी। जनसेवा का ध्येय लिए परिवार के संकल्प को आगे बढाने घर से निकला हूं, आपका सहयोग चाहिए। अपनों की सेवा करना चाहता हूं। श्री सक्सेना ने ग्रामीणजनों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

**चुनाव तक ही दिखाई देंगे**-श्री सक्सेना ने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि जो अभी वोट लेने के लिए गांव गांव घूम रहे हैं, चुनाव बाद गांव में दिखाई नहीं देंगे। इनके बहकावे में मत आना। यह पूंजीवादी मानसिकता रखने वाले बिजनेसमैन लोग हैं। किसानों का दर्द नहीं समझते, गांव का ताना बाना यहां के जीवन से इन्हें कोई वास्ता नहीं, यह लोग बिजनेसमैन लोगों को गले लगाते हैं। इनकी बनावटी बातों में मत फंस जाना।

**किसानों के अधिकारों की लडाई लडी**-आज भाजपा शासन में किसानों की कोई नहीं सुनता। उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिलता। बिजली विभाग उन पर झूठे प्रकरण बनाता है। वह विभागों में परेशान होते हैं। सक्सेना परिवार ने किसानों के अधिकारों की लडाई लडी है। ग्रामीणों को वचन दिया कि हर परिस्थिती में वह उनके साथ खडे रहेंगे। इसलिए किसी के बहकावे में मत आना। कांग्रेस किसानों को सस्ती बिजली, उपज पर बेहतर समर्थन मूल्य, 5 हार्स पावर तक बिजली बिल माफ, नंदन गौधन योजना, दूध पर बोनस सहित अनेकों योजना लेकर आई है। जो ग्रामीणों के बीच में समृद्धि और खुशहाली देंगे।

# सेवा का मौका चाहिए, विकास का वचन दिया है हर हाल में होगा : विक्रम मस्ताल शर्मा



कांग्रेस प्रत्याशी ने किया कई गांवों का दौरा

बुधनी। कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी ने वचन दिया है कि मध्यप्रदेश में विकास में कोई कमी नहीं होगी। हर वर्ग और हर क्षेत्र में विकास किया जाएगा। आप सभी एक बार सेवा करने का मौका जरूर दें। यह बातें बुधनी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा ने कही। उन्होंने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सुबह से लेकर शाम तक कई गांवों का दौरा किया और बुजुर्गों, माताओं, बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया।विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि भाईदूज के पवित्र त्यौहार पर सभी बहनों से आशीर्वाद चाहिए। उपहार के रूप में सभी बहनों को नारी सम्मान योजना का लाभ मिलेगा। हर माह 1500 रुपए की राशि बहनों के खातों में डाली जाएगी। उन्हें गैस का सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि विकास की बातें और विकास के दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में न तो कहीं विकास नजर आता है और न ही इस विकास के दावे कहीं पर दिख रहे हैं। विकास देखना है तो कमलनाथ जी के छिंदवाड़ा में जाकर देखिए। उन्होंने कहा कि गांव में गरीबों को आज भी कच्चे मकान में रहना पड़ रहा है। उन्हें पक्के मकान नहीं मिले हैं। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिलती है।

**भाई दूज पर लगवाया तिलक** -कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा ने भाईदूज के अवसर पर जनसंपर्क के दौरान एक गांव में हरिजन महिला के घर पहुंचकर उनसे तिलक लगवाया और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस दौरान वे भावुक भी हो गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी बहनों को नारी सम्मान योजना का लाभ दिलाया जाएगा और उन्हें खुलकर जिंदगी जीने की आजादी भी दी जाएगी। भाई दूज के अवसर पर उन्होंने बुधनी विधानसभा की सभी बहनों से अपना कीमती वोट अपने भैया को देने की अपील भी की।



**मेरा लक्ष्य बुधनी विधानसभा के लोगों को सेवा करना है** -विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि मेरा लक्ष्य बुधनी विधानसभा के लोगों की सेवा करना है। मैंने माया नगरी इसलिए छोड़ी, ताकि मैं अपने बुधनी विधानसभा के लोगों की सेवा कर सकूं। हमेशा से देखा है कि यहां पर विकास कोसों दूर है, इसलिए अब बुधनी का विकास ही मेरा लक्ष्य है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बोरखेड़ा कलां, गिल्लोर, नयागांव, बगवाड़ा, रानीपुरा, छिपानेर, नारायणपुरा, ससली, सिगाव, गोपालपुर, बजगांव, बरखेड़ी, पिपल्या, पिपल्या टप्पर, बोड़ी, बाई, चीचली, बोरखेड़ा खुर्द, जाट मुहाई, किशनपुर, घोघरा सहित कई अन्य गांवों का दौरा भी किया।

## ओपन रोवर क्रू सीहोर से राष्ट्रीय स्तर एडवेंचर तारा देवी शिमला में रोवर्स का मध्य प्रदेश से हुआ चयन



**सीहोर।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ सीहोर से हेडक्वार्टर ओपन रोवर क्रू सीहोर से राष्ट्रीय स्तर एडवेंचर तारा देवी शिमला में रोवर्स का मध्य प्रदेश से चयन हुआ। जिसमे जिला संगठन आयुक्त राजेश मेवाड़ा, सचिव रमेश चंद्र मेवाड़ा, कोषा अध्यक्षक संतोष सोनी, हेड क्वार्टर ओपन दल एडवांस रोवर लीडर सूरज सूर्यवंशी के द्वारा रोवर जसवंत सूर्यवंशी मयंक सोनकर, दीपक वर्मा को रवाना किया ।स्काउटिंग के सीहोर जिले ओर मध्यप्रदेश के और से प्रतिभागिता करेंगे जिला शिक्षा अधिकारी एसके तोमर द्वारा मंगल कामना की स्काउटिंग में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

## विधायक सुरेश गौड़ा को निमंत्रण पत्रिका देकर किया आमंत्रित



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

तुमकूर- सीरवी समाज तुमकूर के सचिव रतनलाल सेंणचा ,पूर्व अध्यक्ष हेमराज सेंणचा ने विधायक सुरेश गौड़ा से मुलाकात कर उन्हें सीरवी समाज नवनिर्मित भवन उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रण पत्रिका देकर आंमत्रित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव रतनलाल सेंणचा ने बताया की 17 नवम्बर से भवन उद्घाटन कार्यक्रम धर्मगुरू दीवान साहब व अन्य संत महात्माओं के सानिध्य में होगा।

## विधानसभा क्षेत्र गोहद प्रत्याशी लाल सिंह आर्य पर एफआईआर दर्ज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अनाधिकृत रूप से रैली निकालने और एमसीसी के उल्लंघन पर हुई कार्रवाई

भिण्ड । विधानसभा क्षेत्र 13-गोहद के प्रत्याशी लाल सिंह आर्य द्वारा अनाधिकृत रूप से रैली निकालने और निर्वाचन आयोग के आदेश आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन कर प्राथमिकी दर्ज की गई है।आज दोपहर 01.30 बजे गंज बाजार गोहद में प्रत्याशी लाल सिंह आर्य द्वारा करीब 200 से 250 लोगों के साथ रैली निकाली जा रही थी, उक्त रैली निकालने के संबंध में प्रत्याशी लाल सिंह आर्य से अनुमति पेश करने हेतु कहा गया, तो उनके द्वारा उक्त रैली निकालने के संबंध में कोई वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।जिस पर आयोग के निर्देश अनुसार अनाधिकृति रूप से रैली निकाली जाकर आदेश की अवहेलना करने पर थाना गोहद में धारा 188 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है।

**युवा शक्ति के 3 काम शिक्षा सेवा और मतदान**

## एनएसएस स्वयंसेवक कर रहे युवाओं को मतदान के लिए जागरूक

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर,जिला निर्वा**चन आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एस गौतम तथा जिला संगठक डॉ श्यामसुंदर खंडेलवाल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की राष्टीय सेवा योजना इकाई पिछोर एनएसएस के स्वयंसेवको द्वारा स्वीप प्लान के तहत विभिन्न माध्यमों से जैसे दीवाल लेखन,जागरूकता रैली,मानव श्रखला ,चित्रकला, स्लोगन,रंगोली आदि बनाकर मतदाताओं को 17 नवंबर 2023 को मतदान करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नरसिंह भिड़े के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवक दीपक पाल ने अपनी इकाई के साथ जिले के सभी मतदाताओं से अपील की और मतदान के दिन अपने परिवार के सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए अनिवार्य भेजे मतदान करना हमारा मौलिक कर्तव्य है जिसे हमे निभाना चाहिए और अपने आस प?ौस व क्षेत्र के सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करे, इसी उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा है कि आपका एक वोट व मतदान का क्या महत्व है एक वोट एक अच्छी और निष्पक्ष सरकार बनाने में हमारी मदद करता है इसी उद्देश्य के साथ अभियान में स्वयंसेवक, भरत लोधी,अंकेश लोधी,देवेंद्र कोली,संजय पाल,कृष्णकांत राय,ब्रजेन्द्र वंशक आशिक वंशकार,रागिनी कुशवाह,मोहिनी कुशवाह,व्रन्दा यादव, सोनिका तेकाम, प्रियंका बालरे,आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

## पिछोर में निर्वाचन मतदान सामग्री वितरण को लेकर 30 काउंटर बनाए गए

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**



**पिछोर ( शिवपुरी)** पिछोर विधानसभा क्षेत्र 26 में मतदान सामग्री वितरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिसर राजीव समाधिया द्वारा छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में संपन्न हुई।बैठक में मुख्य रूप से सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी एसएस गुर्जर ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिछोर मोगराज मीणा, नगर परिषद सीएमओ पिछोर आनंद शर्मा तथा खनियाधाना सीएमओ के.के.सोनी ,नायब तहसीलदार निशिकांत जैन सहित मास्टर ट्रेनर में डॉ.अरविंद यादव, केशव सिंह जाटव,संजय भदोरिया, सुरेश गुप्ता , विकास भार्गव. प्रदीप पाठक,विनोद पाठक आदि उपस्थित थे ।पिछोर विधानसभा के 297 मतदान केंद्रों के लिए बनाए गए 30 दलों को मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के दौरान पिछोर निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी राजीव समाधिया द्वारा सभी दलों को जानकारी देते हुऐ कहा कि हम लोगों ने सामग्री वितरण की बेहतर व्यवस्था की है ,जिससे किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो तथा सुव्यवस्थित तरीके से सामग्री वितरण हो सके ।उन्होंने कहा है कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है अतः सावधानी से मिलान करके ही सामग्री का वितरण करें और अपने अपने उत्तरदायित्व को भली-भांति पूर्वक निर्वहन करें सामग्री वितरण एवं जमा करते समय पूर्णरूप से सतर्कता बरतें तथा जो भी सामग्री वितरण करें उसकी पावती आवश्यक रूप से प्राप्त करें । इसके साथ ही सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा भी दिशा निर्देश दिए गए।

## कांग्रेस की आम सभा में पहुंचे सचिन पायलेट एवं दिग्विजय सिंह ने की केशब देसाई को जिताने की अपील



**दैनिक पुष्पाजलि टुडे**

गोहद के केशव पार्क में कांग्रेस पार्टी की आमसभा का आयोजन हुआ जहां चुनाव प्रचार के अंतिम दिन केशव पार्क में कांग्रेस पार्टी की आमसभा हुई जिसमें राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलेट एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तथा नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह पहुंचे जहां चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्होंने मंच से आह्वान करते हुए केसब देसाई के लिए समर्थन मांगा एवं उन्होंने सभी जन?समुदाय को आश्वस्त किया कि कमलनाथ एवं कांग्रेस पार्टी द्वारा वचन पत्र में लिए गए सभी 101 बादों को पूरा किया जाएगा जन समुदाय को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा की मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ सहित चारों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन रही है इस चुनाव पर देशभर की नजर है जहां चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार बन रही है इसी मनोबल के साथ 10 साल से कांग्रेस केंद्र में बनी भाजपा की सरकार को उखाड़ने में भी सफलता हासिल होगी

## मतदान केन्द्र की 100 मीटर की परिधि अंतर्गत कोई भी व्यक्ति, मोबाइल अथवा कार्डलेस फोन का उपयोग नहीं कर सकेगा

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी, विधान**सभा निर्वाचन 2023 के दौरान निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत जिले में मतदान दिवस के लिये मतदान केन्द्रों हेतु आदेश जारी कर आवश्यक निर्देश दिए गए है।जारी आदेश के तहत निर्वाचन सम्पन्न होने तक मतदान केन्द्र की 100 मीटर की परिधि अंतर्गत कोई भी व्यक्ति, मोबाईल /कार्डलैंस फोनस का उपयोग नही करेगा, परन्तु यह प्रतिबंध पीठासीन अधिकारी एवं निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक/सुरक्षा में लगे अधिकारियों / प्रशासनिक अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। उक्त अधिकारियों को भी अपना मोबाईल साइलेंट मो? में रखना होगा। मतदाताओं को अशासकीय मतदाता पहचान पर्ची जारी करने हेतु मतदान केन्द्रों पर परिधि के 200 मीटर के अंदर कोई बूथ स्थापित नही किया जाएगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र होने पर भी ऐसे परिसरों से 200 मीटर की दूरी पर ऐसे मतदान केन्द्रों के लिये एक उम्मीदवार का एक ही बूथ बनाया जाएगा। ऐसे बूथ पर केवल एक मेज एवं दो कुर्सियां ही रखी जाएगी और उसके साथ एक छत्री या त्रिपाल का टुक?ा ही लगाया जा सकेगा, जिससे उन कुर्सियों पर बैठने वाले व्यक्ति धूप /वर्षा से अपनी रक्षा कर सकें, ऐसे बूथ के साथ कन्नाते नही लगाई जायेंगी। ऐसे बूथ बनवाने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को पहले से लिखित रूप से रिटर्निंग अधिकारी को उन मतदान केन्द्रो के नाम और क्रम संख्या बतानी चाहिए जहां ऐसे बूथ उसके द्वारा स्थापित करवाये जो है ऐसे बूथ स्थापित करवाने से पहले इस संबंध में स्थानीय कानून के अधीन, संबंधित सरकारी प्राधिकरणों अथवा स्थानीय प्राधिकरणों अथवा स्थानीय प्राधिकरणों जैसे नगरपालिकों, जिला परिषदों, शहर क्षेत्र समितियां आदि से लिखित अनुमति भी लेनी होगी। बूथ प्रबंधको को पुलिस/ संबंधित निर्वाचन प्राधिकारियों द्वारा मांग करने पर इस प्रकार की लिखित अनुमति प्रस्तुत करनी होगी। ऐसे बूथ बनवाने पर आने वाले व्यय का लेखा निर्वाचन व्यय लेखा जोखा में रखना अनिवार्य होगा। ऐसे बूथ निर्वाचकों को केवल गैर सरकारी पहचान पर्चियो जारी करने के एकमात्र प्रयोजन के लिये इस्तेमाल किये जायेगे, ये गैर-सरकारी पहचान पर्चियां आयोग के निर्देशानुसार ही मुद्रित की जाएगी, जिन पर अभ्यर्थी का नाम या प्रतीक अथवा राजनीतिक दल का




नाम नही होना चाहिए। किसी भी दल के ध्वज की अनुमति का कागज / पर्ची भी निषेधित है। किसी भी स्थिति में ऐसे बूर्थो के पास भी? को इकट्ठा होने की अनुमति नही दी जाएगी न ही मतदान केन्द्र पर ऐसे व्यक्ति को आने की अनुमति दी जाएगी, जो पहले ही मतदान कर चुका हो, यह बात उसकी बायी तर्जनी पर लगी अमिट स्याही से प्रमाणित हो जाएगी। बूथों पर बैठे हुये व्यक्ति मतदान केन्द्र पर जाने वाले मतदाताओं के रास्ते में किसी भी तरह की रुकावट नही डालेगा अथवा दूसरे उम्मीदवार के बूर्थो पर जाने से उन्हें नही रोकेंगा या मतदाताओं को स्वयं उनकी इच्छानुसार मताधिकार का प्रयोग करने से किसी प्रकार की रूकावट नही डालेंगे। मतदान के दिन मतदान केन्द्र/ अभ्यर्थी के बूथ पर बैठने वाले मतदान एजेंट/ कार्यकर्ता के लिये यह आवश्यक होगा कि वह उसी मतदान केन्द्र का वोटर हो और उसके पास साथ में फोटो परिचय पत्र अथवा शासन द्वारा जारी किया गया ऐसे पहचान पत्र हो जिस पर उसका फोटो लगा हो। मतदान एजेंट किसी भी स्थिति में मतदान के दिन मतदान केन्द्र से संबंधित मतदाता सूर्ची मतदान समाप्ति से पूर्व अपने साथ मतदान केन्द्र से बाहर नहीं ले जा सकेगा। उक्त आदेश के उल्लंघन में भारतीय दण? संहिता की धारा 188 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया जायेगा।

## कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा की गई पत्रकार बार्ता




कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह यादव के द्वारा पत्रकार की गई जिसमे भाजपा नेता रामकृष्ण लोधी द्वारा सोशल मिडिया पर एक विडिया बायरल किया गया है कि कांग्रेस प्रत्याशी एवं उनके भाई अजय प्रताप यादव द्वारा मुझे रात के समय रास्ते में रोककर मारपीट की गई जिसपर अजय प्रताप यादव पर आफआईआर दर्ज करवाई गई है जिस कारण कांग्रेस प्रत्याशी का कहना हे की भाजपा प्रत्याशी के द्वारा सत्ता का उपयोग किया जाकर अपनी बोखलाहाट को दर्शाया जा रहा है वही कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा बताया गया की मेरे एवं मेरे भाई एवं रामकृष्ण लोधी के फोन की लोकेशन को देखा जाय तो सभी अलग अलग होंगे एवं हमारे द्वारा समय समय पर चुनाव आयोग को साक्ष्य सहित शिकायते दर्ज करवाई गई है लेकिन आज दिनांक तक प्रशासन द्वारा उन शिकायतों पर कोई प्रतिक्रिया नही की गई है इस विडिया के द्वारा यह साफ तौर पर देखा जा सकता है की वह भाजपा की हार की बोखलाहाट के कारण इन्ही लोगों के द्वारा सडयंत्र रचे जा रहे है वही मुझे सभी समाजों के द्वारा समर्थन दिया जा रहा है जिससे कांग्रेस पार्टी जीत रही है और भाजपा की बोखलाहाट देखी जा रही है। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा कहा गया है कि मतदान में दो दिवस शेष है उन दो दिवस में भी मेरे उपर एवं मेरे परिवार जनों के उपर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी द्वारा कोई भी कृत किया जा सकता है यह लोग ढोंगी एवं आपराधिक मानसिकता के व्यक्ति है भाजपा प्रत्यशी के समर्थकों द्वारा षडयंत्र रच कर मुझपर आरोपित किया जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी का कहना है कि वायरल विडियों के सच्चाई के संबंध में हम किसी भी मंदिर पर जाकर ईमान कर सकता है कि हमे इस घटना के संबंध में कोई जानकारी नही है और हमे सभी धर्मो का बोट मिल रहा है भाजपा का काम ही है लोगों को जाति एवं धर्म के नाम पर लडाना। बल्कि रामकृष्ण लोधी के गृह ग्राम जमाखेडी में हमारे दो कार्यकर्ता केपी बुन्देला, एवं शिशुपाल यादव दोनो के साथ उनके घर जाकर मारपीट की गई मंत्री जी के परिजनों द्वारा उनके वाहन में मारपीट के बाद शराब की पेटीया एवं कट्टा एवं हसिया रखकर मौके पर पुलिस को बुलाया गया एवं भाजपा प्रत्याशी को बुलाया गया यह सभी पहले से रचा गया षडयंत्र था जिसमें पुंलिस एवं भाजपा प्रत्याशी एवं पुलिस को मौके पर पहुचने में केवल और केवल 5 मिनिट का समय लगा। उसी ग्राम में रामकृष्ण लोधी एवं भाजपा प्रत्याशी के समर्थकों द्वारा मेरे कांग्रेस के कार्यकर्ता ओमकार अहिरवार जी के घर पर देर रात उसके घर पर पत्थर मारे गए एवं उसको जातिसूचक गालिया दी गई अहिरवार समाज के व्यक्ति के साथ ऐसा दुर्व्यवाहार करना कतई निंदनिय हैं।मेरे साथ सभी समाज है सभी जाति एवं धर्म के लोग मेरे एवं कांग्रेस पार्टी का भरपूर समर्थन कर रहे है। मेरे मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के परिवार जनों से आग्रह है कि ऐसे झूठे वहकाबे में न आए न ही किसी की झूठी बातों पर ध्यान दे एवं 17 नबंवर को कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करे एवं करवाए।

## मतदान दिवस के दिन निजी वाहनों का उपयोग किया जा सकेगा।

**निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए निजी वाहन का उपयोग नहीं होगा।**

**आपातकालीन सेवाओं, निर्वाचन, सार्वजनिक परिवहन के वाहन चलते रहेंगे**

**जिला निर्वाचन अधिकारी भिण्ड ने संशोधित आदेश जारी किया...**

भारत निर्वाचन आयोग के पत्र के पालन जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव श्रीवास्तव ने जिले में कानून व्यवस्था और शांति पूर्ण मतदान में निजी वाहन जिनका उपयोग वाहन मालिकों द्वारा निजी उपयोग (निर्वाचन से संबंधित नहीं) किया जायेगा। निजी वाहन जिनका उपयोग वाहन मालिक द्वारा स्वयं तथा परिवारजनों को मतदान हेतु किया जायेगा, परन्तु यह वाहन मतदान केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में नहीं जायेगा। आवश्यक सेवाओं में उपयोग किये जा रहे वाहन जैसे अस्पताल बैन, एम्बुलेंस, दुग्ध वाहन, पानी के टैंकर, विद्युत प्रदाय वाहन, इमरजेन्सी ड्यूटी वाहन, पुलिस ड्यूटी वाहन, निर्वाचन ड्यूटी वाहन, सार्वजनिक परिवहन सेवा वाहन जो नियत स्थानों के मध्य पूर्व निर्धारित रूट पर चल रही हों।टैक्सी, तिपहिया स्कूटर, रिक्शा जो एयरपोर्ट, रेल्वे स्टेशन, अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड, अस्पताल के लिये न टाली जा सकने वाली यात्रा हेतु उपयोग किये जा रहे हों।निजी वाहन जो बीमार अथवा दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा स्वयं के उपयोग में लिये जा रहे हों।शासकीय अधिकारियों द्वारा ड्यूटी पर जाने हेतु उपयोग किये जा रहे वाहन अनुमति दी जाती है।इसके अतिरिक्त अभ्यार्थियों के वाहन जिन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अनुमतिजारी की गई है, को मतदानदिवस में चलने की अनुमति रहेगी।उक्त संशोधित आदेश दिनांक 15 नवम्बर 2023 को जारी होकर दिनांक 17 नवम्बर 2023 को प्रातः 7.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक प्रभावशील होगा।

## सामान्य प्रेक्षक और जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मतदान दलों का तृतीय (अंतिम) रेण्डमाइजेशन एवं माइक्रो आब्जर्वर का रेण्डमाइजेशन हुआ संपन्न



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसग? के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों का तृतीय (अंतिम) रेण्डमाइजेशन और माइक्रो आब्जर्वर का रेण्डमाइजेशन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। रेण्डमाइजेशन के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35- सक्ती के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री मोहम्मद वाई. सफिरुल्ला के., विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 एवं 37 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री उमाकांत त्रिपाठी और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में किया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा चन्द्रपुर सुश्री दिव्या अग्रवाल, रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा जैजैपुर श्री अरूण कुमार सोम, डी.आई.ओ. श्री ऋषि राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन शासकीय शिक्षक भाजपा का कर रहें प्रचार निर्वाचन अधिकारी मौन

**रीवा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान कि घड़ी अब नजदीक आ गई है 17नवम्बर को मतदान होना है शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षक राजीव तिवारी भाजपा का खुलेआम प्रचार कर रहे हैं जो आदर्श आचार संहिता का उल्लधंन है जिला निर्वाचन अधिकारी मौन है हां अगर यह नौकरी से इस्तीफा दे दिये है तो प्रचार कर सकते हैं पर ये इस्तीफा नहीं दिये है भाजपा का पट्टा गले में डाल कर भाजपा के लिए प्रचार कर रहे हैं देखना यह होगा कि जिला निर्वाचन अधिकारी क्या शिक्षक पर बर्खास्त करने की कार्यवाही करेंगी या मौन ही रहेंगी।**

## वोटर आईडी के अलावा 12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर किया जा सकेगा मतदान

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।उल्लेखनीय है कि 17 नवम्बर को विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में भाग लेने के लिए मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। ।योग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र राज्य सरकार,पीएसयू सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए

## विकास का साथ दो विष्णु खत्री को विजयी बनाओ- योगी आदित्यनाथ

बैरसिया। कांग्रेस समास्या पैदा करती है। हम उसका समाधान करते है। कांग्रेस ने आतंकवाद पैदा किया हमने उसे खत्म किया। हमने विकास किया है। कांग्रेस ने देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। कांग्रेस 65 साल में क्यों गरीबों को घर नहीं दे पाई थी, क्यों शौचालय नहीं दे पाई थी, क्यों गरीबों राशन नहीं दे पाई थी, क्योंकि कांग्रेस ने गरीब के बारे में कभी नहीं सोचा। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को अपना परिवार मान कर गरीब के विकास की सोच रखकर काम किया है, इसलिए विकास का साथ दो, विष्णु खत्री को विजयी बनाओ। यह बात उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के पक्ष में बरखेड़ी देव में सभा को संबोधित करते समय कही।उन्होंने कहा कि आज भारत इतना मजबूत हो गया है कि कोई आंख उठा कर नहीं देख सकता है

संपादकीय

## बिहार में 75 प्रतिशत आरक्षण

सामाजिक व शैक्षणिक पिछड़ेपन को समाप्त करने के लिए भारत के संविधान में प्रभावित वर्गों के लिए ऐसे कदम उठाने का प्रावधान निहित है जिनसे इनका विकास व उत्थान हो सके और समाज में गैर बराबरी कम हो सके। इस तरफ सबसे पहला कदम अनुसूचित जातियों व जन जातियों को राजनैतिक आरक्षण देकर किया गया जिसका विस्तार बाद में शिक्षण संस्थानों में भी किया गया। इसका असर चौतरफा पड़ना ही था। धीरे–धीरे इन वर्गों के लोगों का आर्थिक सशक्तिकरण भी होता गया मगर इसकी गति बहुत धीमी है क्योंकि इन वर्गों को हजारों साल तक भारत में दबाकर रखा गया जिसकी वजह से समाज के इस तबके की समग्र विकास में भूमिका सर्वदा हाशिये पर ही खिसकी रही। मगर आजादी के बाद समाज के दूसरे उन वर्गों की अपेक्षाएं भी जागृत हुई जो मुख्य रूप से शैक्षणिक कारणों से हाशिये पर पड़े हुए थे। इसे पिछड़ा वर्ग कहा गया और 1990 में इनके लिए भी सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। मगर हर राज्य में इस वर्ग के लोगों की जनसंख्या एक समान नहीं थी। अतः राज्य सरकारों ने इनकी जनसंख्या के अनुपात में शैक्षणिक व सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की। समाजवादी चिन्तक डा. राममनोहर लोहिया से लेकर अन्य प्रगतिशील विचारों के राजनीतिज्ञों ने इस बात की वकालत की कि राजनीति से लेकर सरकारी प्रशासन में विभिन्न जातियों व वर्गों की आबादी के अनुपात में उनकी हिस्सेदारी तय की जाये जिससे भारत का विकास सही अर्थों में समावेशी स्वरूप ले सके। इस सिद्धान्त की जबर्दस्त वकालत फिलहाल कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी करते दिख रहे हैं और कह रहे हैं कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी–उतनी उसकी हिस्सेदारी'। मगर यह काम तब तक संभव नहीं हो सकता जब तक कि पूरे देश में जातिगत जनगणना न कराई जाये और उसमें पिछड़ों, दलितों व आदिवासियों की सही संख्या न निकाली जाये। बिहार के जातिगत सर्वेक्षण में हालांकि अपेक्षा के मुताबिक ही आंकड़े निकल कर आये हैं और इसमें चौंकने वाली भी कोई बात नहीं है क्योंकि इस राज्य का सामाजिक ढांचा अत्यन्त दकियानूसी व रूढिघ्गत रीतियों व परंपराओं पर टिका हुआ है। कमोबेश यही हालत उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके की भी है। मगर 2000 में बिहार से अलग करके बनाये गये झारखंड राज्य में सभी आदिवासी इलाके चले जाने के बाद राज्य में आदिवासियों की जनसंख्या दो प्रतिशत से भी कम रह गई है। दूसरी ओर पिछड़े व अति पिछड़े वर्ग की कुल जनसंख्या 60 प्रतिशत से ऊपर निकली है जिसमें अति पिछड़े 36 प्रतिशत से ऊपर हैं और सामान्य पिछड़े 27 प्रतिशत से ऊपर हैं। अतः इन दोनों समुदायों का आरक्षण कोटा बढ़ा कर क्रमशः 12 से 25 प्रतिशत और 8 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी प्रकार राज्य में अनुसूचित जातियों या दलितों की जनसंख्या 19.65 प्रतिशत आयी है। वर्तमान में यह कोटा 14 प्रतिशत ही था जिसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। परन्तु आदिवासियों की जनसंख्या दो प्रतिशत से भी कम ही आयी है अतः उनका कोटा 2 प्रतिशत कर दिया गया है। इस प्रकार शैक्षणिक संस्थाओं से लेकर सरकारी नौकरियों में इन वर्गों के लिए कुल आरक्षण 65 प्रतिशत हो गया है मगर भारत सरकार ने 10 प्रतिशत आरक्षण कथित ऊंची जातियों या सामान्य वर्गों के गरीबों के लिए भी किया हुआ है। उसे जोड़ कर कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो गया है। मगर अखिल भारतीय स्तर पर आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत सर्वोच्च न्यायालय ने बांधी हुई है। चूंकि यह आरक्षण राज्य सरकार द्वारा अपनी संवैधानिक अधिकार सीमा के तहत संवैधानिक प्रावधानों के तहत ही किया गया है। अतः इस पर 50 प्रतिशत सीमा का प्रतिबन्ध लागू होगा या नहीं यह देश के विधि विशेषज्ञों को देखना होगा। वैसे तमिलनाडु में भी 65 प्रतिशत के लगभग आरक्षण राज्य सरकार के संस्थानों व नौकरियों में बहुत समय से लागू है। इसके अलावा बिहार पूरे उत्तर भारत में पिछड़ों को आरक्षण देने वाला पहला राज्य भी है जब 1978 में इसके मुख्यमन्त्री समाजवादी नेता स्व. कर्पूरी ठाकुर बने थे तो उन्होंने मंडल कमीशन से बहुत पहले ही पिछड़ी जातियों के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी। देखने वाली बात यह होगी कि पूरे भारत में अब बिहार के 75 प्रतिशत आरक्षण की प्रतिध्वनि क्या निकलती है और देश का जनमानस उसे किस रूप में लेता है। सर्वेक्षण में यह तथ्य निकल कर आया है कि बिहार की 33 प्रतिशत से अधिक आबादी केवल छह हजार रुपए मासिक से कम पर गुजारा करती है। नीतीश सरकार ने इन गरीब परिवारों को आर्थिक मदद देने के भी कुछ ऐलान किये हैं।

# सत्य का दीप प्रज्वलित करें

संजीव ठाकुर

*"दीपावली का हर दीपक आशाओं का आकांक्षाओं का और महत्वाकांक्षाओं केनिहितार्थ होता है। श्रम से अपने सभी प्रयास सफल कर हर उस आकांक्षा को फलिभूत करना होगा जिसकी हमने परिकल्पना की थी।"*

दीपावली आशाओं के दीप जलाकर निराशा के अंधियारे को मिटाने का अवसर है। सकारात्मक सोच और अच्छे परिणाम की आशाओं को को लेकर कठिन परिश्रम और मनोबल के साथ जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति करना ही दीपावली मनाने का सत्यार्थ प्रयोजन है। दीपावली का हर दीपक आशाओं का आकांक्षाओं का और महत्वाकांक्षाओं केनिहितार्थ होता है। श्रम से अपने सभी प्रयास सफल कर हर उस आकांक्षा को फलिभूत करना होगा जिसकी हमने परिकल्पना की थी। आओ हम सब मिलकर आशाओं के दीप जलाएं खुशियों की दीपावली को द्विगुणित करें। पौराणिक कथाओं के अनुसार दीपावली भगवान रामचंद्र जी 14 वर्षों के वनवास के बाद समस्त बुराइयों के प्रतीक रावण के वध के पश्चात अयोध्या लौटने पर इनका अयोध्या वासियों द्वारा घी की दीपमालाओं को नगर में कतार में लगाकर स्वागत किया गया था। राजा रामचंद्र जी सद्गुणों,अच्छाइयों, धैर्य,संयम और देव तुल्य सद्गुणों के न सिर्फ प्रतीक माने जाते हैं बल्कि स्वयं सिद्ध देवता भी हैं, जिन्होंने संपूर्ण जगत को रावण जैसी अनंत बुराइयों से मुक्त कराया था। आज उसी परंपरा पारीपाटी कों शिरोधार्य करते हुए



मेहनतकश कुम्हारों और मां धरती की मिट्टी से बने पवित्र दीपों से उद्दीप्त करके समस्त सद्गुणों को द्विगुणित करने के लिए यह त्यौहार समस्त ऊर्जा और उत्साह से मनाते हैं। जगत वासी एक दूसरे से मिलकर बुराइयों के प्रतीकों को नष्ट करने का संकल्प लेकर एक दूसरे का मुंह मीठा भी कराते हैं, एवं औपचारिक तौर पर एक–दूसरे को उपहार देने का उपक्रम भी किया जाता है। गहन तमस पर उजाले की जीत का पर्व ही दीपावली है। सही मायने में दीपावली में हमें अपने घरों को माटी के दीपों से उज्जवल इत कर अपने व्यक्तित्व को ज्ञान के दीप से उद्दीप्त करना चाहिए। ऋषि मुनि ऐसा कह गए हैं कि शरीर को एक दिन इसी माटी में मिल जाना है और व्यक्तित्व तथा मस्तिष्क के ज्ञान की जो अविरल धारा आपके जीवन में बहेगी वह अनवरत कई पीढ़ियों तक सुदीप्त होती रहेगी, मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है इसी तरह जीवन में प्रकाश भी चाहे वह दीपों से हो या ज्ञान से हो जीवन को प्रकाशमान करते रहना होगा। दीपावली मूलतः प्रकाश का त्यौहार है। पौराणिक कथाओं के अनुसार धन, समृद्धि, विघ्न हरण एवं ऐश्वर्य के प्रतीक भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की श्रद्धा पूर्वक पूजा करते हैं एवं दीपावली के एक दिन पूर्व धनत्रयोदशी या धनतेरस अति शुभ माना जाता है। इस दिन लोग स्वर्ण अथवा रजत के आभूषण खरीदना अत्यंत शुभ लक्षण मानते हैं। इसके पीछे भी एक पौराणिक कथा है माना जाता है कि समुद्र मंथन के पश्चात लक्ष्मी जी की इसी दिन से उत्पत्ति हुई थी, इसीलिए इस दिन माता लक्ष्मी की पूजा धूमधाम से की जाती है। समुद्र मंथन से ही धनवंतरी जिन्हें औषधि विज्ञान का अविष्कारक माना जाता है की उत्पत्ति कार्तिक मास की त्रयोदशी मुहूर्त में हुई थी, इसीलिए धनवंतरी के नाम पर धनतेरस पर्व रखा गया है। पश्चिम बंगाल के लोग दीपावली को काली पूजा के रूप में मानते हैं वहां बड़े–बड़े एवं भव्य पंडालों के भीतर मां काली की प्रतिमा स्थापित की जाती है काली की पूजा के बाद वहां लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। सही मायने में दीपावली का अपना धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। किंतु दीपावली के इस परंपरागत पवित्र त्यौहार में कुछ लोग अपने ऐश्वर्या का प्रदर्शन करने के लिए हजारों, लाखों रुपए के पटाखे छोड़कर वायु को प्रदूषित करते हैं, जो वायुमंडल के लिए अत्यंत खतरनाक होती है। इस त्यौहार की सबसे बड़ी कमी इस बात की होती है कि लोग इस दिन जुआ खेलते हैं जो एक सामाजिक बुराई भी है। दीपावली का त्यौहार अंधकार पर प्रकाश की विजय के अपने संदेश को सार्थक करता नजर आता है। आज हमें अपनी व्यक्तित्व से और सामाजिक से बुराइयों को दूर कर अच्छाइयों को साथ लेकर चलने से यह दीपोत्सव का पर्व सचमुच सार्थक हो जाएगा। दीपावली की पुनः शुभकामनाएं।

# प्रदूषण : भगवान और इंसान

आदित्य नारायण

राजधानी दिल्ली में नकली बारिश कराने पर अभी विचार ही घकिया जा रहा था कि शुक्रवार की तड़के असली बारिश ने प्रदूषण से राहत दिला दी। प्रदूषणघ्को नियंत्रण करने में इंसान असहाय हो चुका था तो भगवान ने ही मेहरबानी की है। दीपावली से पहले इस वर्षा को भगवान का उपहार ही माना जा रहा है। दिल्ली दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में सबसे टॉप पर है। वायु प्रदूषण रोकने के लिए अनेक उपाय किए गए लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। दिल्ली और एनसीआर की हवा इतनी जहरीली हो चुकी है कि लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। आंखों में जलन, गले में इन्फेक्शन और सांस लेना भी दूभर हो चुका है। अध्ययन बता रहे हैं कि प्रदूषण की वजह से लोगों की औसत आयु 5 से 10 साल के बीच कम हो रही है। न तो किसान पराली जलाना बंद कर रहे हैं और न ही इस मामले में गम्भीरता से सोच रहे हैं। आनन–फानन में दिल्ली के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। डीजल वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। ग्रैप 4 के तहत अनेक पाबंदियां लगाई गई हैं। प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकारी उपाय विफल हो चुके हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषणघ्फैलाने वाले कारक निरंतर बढ़ रहे हैं जबकि स्थायी उपाय अपनाने की जगह तात्कालिक प्रतिबंध लगा दिए जाते हैं। 2010 से 2022 तक आते–आते प्रदूषण के परम्परागत स्रोतों की हिस्सेदारी जहां इस समय अवधि में काफी बदली है वहीं 26 नए स्रोत भी जुड़ गए हैं। परिवहन के अलावा उद्योग, ऊर्जा, आवासीय निर्माण और अन्य कारक बहुत बढ़ चुके हैं। ईंधन के प्रकार, निजी वाहनों की बढ़ती संख्या, लोगों की भीड़, खाना बनाने के तौर–तरीके यह सब दिल्ली और एनसीआर को प्रदूषण का हॉट स्पॉट बनाने के लिए काफी हैं। दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में पहली बार कृत्रिम बारिश कराने पर विचार किया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आईआईटी कानपुर के साथ इस संबंध में विचार–विमर्श किया है। कृत्रिम बारिश के लिए आसमान में थोड़े बादल होना जरूरी हैं। इसलिए 20 और 21 नवम्बर को कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है क्योंघकि दो दिन हल्के बादल रहेंगे। भारत में तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक में कृत्रिम बारिश कराने की कोशिशें पहले भी हुई हैं। इसके लिए सबसे बेसिक जरूरत बादल और नमी की है। भारत में इसे लेकर बहुत प्रगति नहीं हुई है। दुनिया के कई देशों ने कृत्रिम बारिश का तरीका इस्तेमाल किया है। 1940 के दशक में जनरल इलैक्ट्रिक रिसर्च लेबोरेटरी में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पहली बार क्लाउड सीडिंग की कोशिशें शुरू की थीं। चीन ने 2008 में ओलम्पिक खेलों से पहले कृत्रिम बारिश कराने की तकनीक का प्रयोग किया था। रूस भी छुट्टियों के बड़े अवसरों से पहले क्लाउड सीडिंग कराने के लिए जाना जाता है ताकि सार्वजनिक समारोहों के रंग में बारिश से भंग न पड़ जाए। 2016 में मई दिवस की छुट्टी को बारिश मुक्त रखने के लिए रूस ने क्लाउड सीडिंग पर 8 करोड़ 60 लाख रूबल (करीब 14 लाख डॉलर) खर्च कर डाले थे। समारोह के दिन मॉस्को में मौसम खिला हुआ था। आज इस तरीके का इस्तेमाल सुखाग्रस्त इलाकों में बारिश लाने के लिए किया जाता है। चीन के अलावा अमेरिका भी क्लाउड सीडिंग का इस्तेमाल करता रहा है। अभी हाल–फिलहाल, सूखे की चपेट में आए उसके दो पश्चिमी राज्यों– इडाहो और व्योमिंग में क्लाउड सीडिंग की गई थी। कृत्रिम वर्षा का प्रयोग अब तक 53 देशों में हो चुका है। क्लाउड सीडिंग की प्रक्रिया एयरक्राफ्ट या ग्राउंड बेस्ड रॉकेट लॉन्चर से ही हो सकती है। जानकारों के अनुसार इस प्रक्रिया के लिए बादलों का चयन सही होना जरूरी है। जिस बादल को चुना जाए उसमें लिक्विड का होना काफी जरूरी है। सर्दियों के दौरान बादलों में पर्याप्त पानी नहीं होता। सर्दियों के दौरान वातावरण में इतनी नमी नहीं होती घ्कि बादल बना सकें। अगर वातावरण ड्राई होगा तो बारिश की बूंदें जमीन पर गिरने से पहले ही भाप बन सकती हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, क्लाउड सीडिंग प्रदूषण का स्थाई हल नहीं है लेकिन स्मॉग के दौरान इसे अपनाया जा सकता है। इससे थोड़े समय के लिए राहत होगी। इसका अधिकतम असर इस पर निर्भर करेगा कि बारिश के बाद हवा किस गति से चलती है। इसलिए इसका इस्तेमाल सिर्फ आपात स्थिति में ही हो सकता है। इसके लिए बादलों की मूवमेंट का सही आकलन भी जरूरी है। अगर यह गलत हुआ तो बारिश उस जगह नहीं होगी जहां इसे करवाने का प्रयास हुआ है। इस तरह की बारिश कराने में एक बार में करीब 15 करोड़ रुपए का खर्च आता है। दुबई में ड्रोन के जरिये 2021 में कृत्रिम बारिश कराए जाने के बाद इसे लेकर दुनिया भर में बहस छिड़ गई थी। तब से बाढ़, सूखा, गर्मी और प्रदूषण जैसी समस्या से लड़ने में कृत्रिम बारिश को एक हथियार के रूप में देखा जाने लगा। कृत्रिम बारिश को लेकर वैज्ञानिकों की राय भी बंटी हुई है। कुछ वैज्ञानिक इसे बेहतर उपाय मान रहे हैं तो कई वैज्ञानिक इसके दुष्प्रभाव को लेकर आशंकित हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक कृत्रिम बारिश कराने केघ लिए क्लाउड सीडिंग करके पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ करना ठीक नहीं है। इससे पारिस्थितकी विषमता पैदा हो सकती है। कृत्रिम वर्षा के फायदे और नुक्सान को देखते हुए अगर घदिल्ली और एनसीआर को जहरीले वातावरण से मुक्ति मिलती है तो ऐसा प्रयास करने में कोई बुराई नहीं लेकिन दिल्ली की हवा को शुद्ध बनाने के लिए स्थायी उपाय करने जरूरी हैं।




मेष :– विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी–व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

वृषभ :– मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

मिथुन :– आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ–साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

कर्क :– शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद–विवाद से दूर रहें।

सिंह :– आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

कन्या :– नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

तुला :– लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

वृश्चिक :– आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

धनु रू बौद्धिक, तार्किक, विचार–विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान–सम्मान मिलेगा।

मकर :– आज से आपके व्यापार–धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन–देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख– शांति का माहौल रहेगा।

कुंभ :– आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट–दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

मीन :– शारीरिक– मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद–विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# वाकई जल्दी निपटें सांसदों–विधायकों के खिलाफ मामले

महेश माहेश्वरी

*"जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को स्वतरू संज्ञान लेना होगा।"*

सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर के हाई कोर्टों को आदेश दिया है कि वे जिला न्यायालयों में ऐसे लम्बित मामलों की नियमित निगरानी करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई निश्चित समयावधि सम्बन्धी निर्देश नहीं दिए जा सकते लेकिन उच्च न्यायालय स्वतरू संज्ञान लेकर ऐसे मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। विशेष रूप से उन मामलों को प्राथमिकता दी जाये जिनमें उम्र कैद या फांसी की सजा का प्रावधान हो। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा अन्य सदस्य हैं। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ऐसे मामलों पर तेजी से सुनवाई के लिए विशेष बेंच भी बना सकते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को स्वतः संज्ञान लेना होगा। अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित मुकदमों की प्रभावी निगरानी और निपटान हेतु कार्यवाही को तेज करें। इन प्रकरणों की सुनवाइयों को हाईकोर्टों को वेबसाइटों पर डालने का भी आदेश बेंच द्वारा दिया गया जिससे जनता को पता चलता रहे कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ किस प्रकार के मामले लम्बित हैं और उन पर कोर्ट की सुनवाई में क्या हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ के निर्देशानुसार ये विशेष पीठें जरूरत पड़ने पर मामलों को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती हैं। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऐसे मामलों के जल्दी और प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश भी जारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि विशेष पीठ का नेतृत्व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश कर सकते हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि



मौत की सजा या आजीवन कारावास वाले मामलों के बाद पांच साल से अधिक की जेल की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय उन मामलों की भी सूची तैयार करेंगे जिन प्रकरणों पर रोक लगा दी गई है और ऐसे मुकदमों में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश दिया गया जिसमें मांग की गई थी कि देश भर की अदालतें वर्तमान और पूर्व सांसदों–विधायकों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं। इसकी सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूरे देश में वर्तमान व पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5175 प्रकरण लम्बित हैं। 2116 (करीब 40 फीसदी) मामले तो 5 साल से अधिक समय से लम्बित हैं। सर्वाधिक 1377 मामले उत्तर प्रदेश में हैं। दूसरे क्रमांक पर बिहार है। यहां 546 प्रकरण हैं। महाराष्ट्र में ऐसे 482 मामले लम्बित हैं। उल्लेखनीय है कि 2014 में भी एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ प्रकरणों का निपटारा आरोप तय होने के एक वर्ष के भीतर निपटा दिया जाना चाहिए। यहां यह भी स्मरणीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश का नेतृत्व सम्भाला था, तब उन्होंने भी ऐसा ही कुछ मंतव्य जाहिर किया था जिससे लोकतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में आस्था रखने वाले लोगों को यह उम्मीद बंध चली थी कि अब अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले लोग बेधड़क संसद के सदनों और विधानसभा–विधान मंडलों में नहीं पहुंच पाएंगे। चूंकि मोदी उस भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व करते हैं जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बात करती थी, उसी के बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि बनकर इन सदनों में न केवल प्रवेश पा रहे हैं बल्कि बड़े ओहदों पर भी काबिज हो रहे हैं तथा पार्टी में भरपूर सम्मान पा रहे हैं। बहुत से लम्बित मामले ऐसे हैं जिनमें भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता है। वैसे यह भी सच है कि सिर्फ भाजपा के लोगों के खिलाफ गम्भीर प्रवृत्ति के अपराध जर्ज नहीं हैं बल्कि लगभग सारे ही राजनैतिक दलों का यही हाल है। कुछ अरसा पहले एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) ने बताया था कि आपराधिक रेकार्ड के लोग हर दल से शर्तिया जीतते हैं। इस कारण वे सभी दलों की पहली पसंद होते हैं। इसीलिये बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग विधायिकाओं में पहुंचते हैं और अपने पद, प्रभाव तथा पैसों के बल पर अपने खिलाफ जारी जांच व मुकदमों को या तो रुकवा देते हैं या उनकी गति को धीमा करवा देते हैं। इन प्रकरणों के बावजूद वे चुनाव लड़ते हैं, जीतते हैं और कार्यकाल पूरा कर लेते हैं। तमाम निराशाजनक तस्वीर के बावजूद सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला और हाई कोर्टों को दिया निर्देश आशा की किरण के रूप में देखा जा सकता है बशर्ते कि उच्च न्यायालय बगैर दबाव व प्रभाव में आये तथा भारी–भरकम फीस लेकर मामले लड़ने वाले उनके हाई प्रोफाईल वकीलों के दांव–पेंचों से निकलकर वाकई कथित बड़े लोगों के प्रकरणों को शीघ्रताशीघ्र निपटाये और देशवासियों को एक साफ–सुथरी लोकतांत्रिक व्यवस्था देंगे।

## देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने दिवाली के अवसर पर रिलीज़ किया अपना नया गाना ' दिवाली आयो रे




इस दिवाली ÷देसी ध्वनि रिकॉर्ड÷ ने ÷दिवाली आयो रे÷ गाना रिलीज़ किया, जिसमे यह दर्शाया गया है कि प्रभू श्री राम जब अयोध्या से वापस आये और वहा कि प्रजा ने उनके स्वागत पहली दिवाली मनाई थी द्य इस गाने को इंडियन आइडल 2023 के विजेता अयोध्या के ऋषी सिंह ने स्वरबद्ध किया है और इस गाने का म्युजिक जितुल बोरा ने किया है। जगदीशचंद्र पाटिल द्वारा निर्मित, इस गाने का निर्देशन विजय बूटे ने किया है। मोनाली गुळ्वे इस गाने की कार्यकारी निर्माता हैं।इस गाने के म्युजिक वीडियो में रवि भाटिया, अनुजा शिंदे और हर्ष नायर नजर आ रहे हैं। आप को बता दें कि सभी मीडिया प्लेटफार्म पर, रील्स पर यह गाना ट्रेंड कर रहा है।देसी ध्वनि रिकॉर्ड एक पारिवारिक और धार्मिक गीत लेकर आए हैं जो लोगों के समक्ष सनातन धर्म का ज्ञान इस गाने के माध्यम से प्रसारित कर रहे हैं।यह गाना देसी ध्वनि रिकॉर्ड के यूटयूब चैनल पर अब उपलब्ध है।

## नमामि गंगे प्रोजेक्ट अंतर्गत एसपी निर्माण में खोदे गए सड़क को शीघ्र ठीक करायी जाए - जिलाधिकारी

जिला गंगा समिति की बैठक की अपने कार्यालय कक्ष में अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा नमामि गंगे प्रोजेक्ट अंतर्गत सड़कों के कटिंग वाले हिस्से को शीघ्र ठीक करने का निर्देश वुडको एवं पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं को दिया गया एवं इसकी प्रगति की जानकारी ली गई। वुडको के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि उनके विभाग से संबंधित सड़कों को ठीक करा दिया गया है वही पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि यह कार्य जल्द ही करा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जहां ब्लैक टॉप है वहां



ब्लैक टॉप कराया जाएगा एवं जहां ढलाई है वहां ढलाई कराई जाएगी।उन्होंने बताया कि एसपी निर्माण के दौरान कहीं कहीं पर सड़क धंस गई है उसका छठ पर्व के बाद रीस्टोरिंग करा दी जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि इन सभी सड़कों का नए तरीके से बनाने का प्रस्ताव दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा नदी सहित उसकी सहायक नदियों के संरक्षण में संबंधित विभागों के पदाधिकारी तत्परता दिखाएं। नदियों के दोनों किनारो पर बृहद रूप से वृक्षारोपण कराई जाए। सदस्य राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद को गंगा एवं सहायक नदियों के भिन्न-भिन्न स्थलों पर नियमित रूप से अभियान चलाकर पानी की नमूना का जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों पर निरंतर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार सिंह,उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हाजीपुर, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक अभियंता बुडको, सदस्य राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी,वन प्रमंडल के पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे !

## जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य ने जैतवारा में थ्री असम पुलिस बटालियन को मिठाई पटाखे भेट कर दीपावली की बधाई



आज दिनांक 12.11.23 को थाना जैतवारा में ठहरी हुई 968 /8ह्लद्ध असम पुलिस बटालियन ह्रक्क के कैम्प जाकर दीपावली के शुभ अवसर पर बल को मिठाई और पटाखे मोमबत्तियां भेंट किए गये तथा दीपावली की शुभकामनाएँ दी गई । इस अवसर में जैतवारा थाना प्रभारी श्वेता मौर्य उप निरीक्षक विजय सिंह सहित थाना का बल और असम बटालियन का बल मौजूद रहा

## विश्व मधुमेह दिवस पर 200 मरीजों का हुआ निःशुल्क परीक्षण डां एम आर पटेल



**रीवा.....** विश्व मधुमेह दिवस 14 नवम्बर को आईलेट इंडिया डायबिटीज एवं थायराइड क्लीनिक रीवा में निःशुल्क मधुमेह जागरूकता शिविर एवं मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में 200 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ फ्री सुगर जांच ब्लड प्रेशर की जांच की गई इस कार्यक्रम की थीम मधुमेह के बारे में थोड़ी सी जानकारी आपके भविष्य को सुरक्षित रख सकती है। मधुमेह रोगियों की बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इंसुलिन की खोज करने वाले दो साइंटिस्ट सर फ्रेडरिक बैटिंग एवं चार्लस बेस्ट के जन्मदिन दिवस के अवसर पर 14नवम्बर को हर वर्ष मनाया जाता है डा एम आर पटेल ने बताया कि आज हमारे साथ लगभग 100देश वर्ल्ड डायबिटीज डे मना रहे हैं। दुर्भाग्य बस पूरे विश्व में 50करोड से भी ज्यादा लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं जिसमें से 8करोड लोग इंडियन डायबिटीक है डा ने बताया कि डायबिटीज की गंभीरता इसी बात से से समझी जा सकती है कि डायबिटीज के कारण 10सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है डायबिटीज से ग्रसित लोगों की संख्या 2030 में लगभग 65 करोड़ एवं 2045 तक लगभग 80 करोड़ हो सकती है । वहीं भारत में 2045 तक यह संख्या लगभग 15 करोड़ तक पहुंच सकती हैं आज हर व्यक्ति 10 में से एक व्यक्ति डायबिटीज से पीड़ित हैं आइलेट इंडिया डायबिटीज एवं थायराइड क्लीनिक ने पिछले दो साल में लगभग 10000 मरीजों का इलाज किया है जिसमें से 90प्रतिशत लोगों का शुगर उम्मीद से ज्यादा बेहतर कंट्रोल रहा । पिछले दो साल में विभिन्न क्षेत्रों में रीवा सीधी सतना एवं शहडोल के अलग अलग कस्बों में फ्री सुगर हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा चुका हैआइलेट इंडिया डायबिटीज एवं थायराइड क्लीनिक 18वर्ष तक के बच्चों को होने वाली टाईप 1 डायबिटीज का मुफ्त इलाज संस्था द्वारा उपलब्ध कराती हैं तथा उनके इंसुलिन डोज को एडजस्ट करने के लिए 24 घंटे व्हाट्सएप सपोर्ट प्रोवाइड करतीं हैं डा ने आगे बताया कि स्पेशल डायबिटीज रिवर्सल कार्यक्रम के द्वारा 1000 से ज्यादा लोगों की सुगर की दवाई बन्द हुई है वे डायबिटीज मुक्त जीवन जी रहे हैं

## शिवराज अच्छे कलाकार हैं, अब इनको मुंबई भेजने का समय आ गया है :कमलनाथ

### विशाल रोड शो में कमलनाथ ने जनता का किया अभिवादन



**मुरैना !** विधानसभा वोटिंग का समय अब नजदीक है और 15 नवंबर की शाम चुनावी शोरगुल थम जाएगा ! इससे पहले मंगलवार को मुरैना शहर में मुरैना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर के समर्थन में कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विशाल रोड शो किया और कहा कि शिवराज की विदाई का समय आ गया है, वह अच्छे कलाकार हैं और इनको मुंबई भेजना है, जिससे प्रदेश का नाम रोशन करें पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ मंगलवार की दोपहर 12:00 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर से उतरे और वहां से खुले वाहन में रोड शो किया ! रोड शो में भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे एमएस रोड पर यातायात प्रभावित हो गया ! कमलनाथ का यह रोड शो एमएस रोड से सदर बाजार, हनुमान चौराहा, जैन मंदिर रोड, गोपीनाथ की पुलिया, पीपल वाली माता होते हुए भीमराव अंबेडकर पार्क पहुंचा ! जहां पूर्व मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित किया ! कमलनाथ ने संक्षिप्त भाषण में कहा कि यह विधानसभा का चुनाव मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है और आप जनता को मध्य प्रदेश की रक्षा करनी है, मुरैना की भी रक्षा करनी है ! उन्होंने अपने 15 महीने की सरकार के कामकाज को बताया और कहा कि हमने अपनी नीति नियति से सरकार चलाई ! उन्होंने कहा कि मैंने कौन सी गलती की जो 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया, 1000 गौशालाएं बनवाई ! उन्होंने कहा कि पहले भी हमने 100 यूनिट बिजली फ्री दी थी और अब सरकार आएगी तब भी 100 यूनिट फ्री, 200 यूनिट हाफ बिजली मिलेगी ! उन्होंने कहा की आज चौपट मध्य प्रदेश, भ्रष्टाचार प्रदेश, घोटाला प्रदेश, आखिर शिवराज ने प्रदेश को दिया क्या है, महंगाई दी है, कोविड में मौत दी है, बेरोजगारी दी है और घर-घर में शराब दी है ! उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है शिवराज को पूरी तरह विदाई देने का ! शिवराज सिंह अच्छे कलाकार हैं, इनको मुंबई भेजेंगे और मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे ! उन्होंने जनता से अपील की के दाएं, बाएं, ऊपर, नीचे नहीं देखना है और सच्चाई का साथ देना है तथा हमारे प्रदेश



का भविष्य सुरक्षित रखना है, मुरैना की रक्षा कमलनाथ करेंगे !पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के रोड शो के वाहन में उनके साथ लोकसभा प्रभारी अनिल भारद्वाज मुरैना, मुरैना प्रभारी बालेन्दु शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर दीपक शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मधुराज तोमर, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पूनम पंडित, मुरैना महापौर शारदा सोलंकी, मुरैना सभापति राजा डंडोतिया, विधायक राकेश मावई, डॉ. राकेश माहेश्वरी, प्रबल प्रताप सिंह मावई रिंकू, राकेश यादव, रामलखन डंडोतिया, जसवीर गुर्जर, महेश मावई, अब्दुल रहमान अब्बासी, सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे !

## अखिल भारतीय सीरवी समाज शूटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता महाकुंभ का आगाज 29 दिसंबर




**मुम्बई।** सीरवी नवयुवक मंडल नालासोपारा व आईमाता स्पोर्ट्स क्लब नालासोपारा के तत्वाधान में अखिल भारतीय सीरवी समाज शूटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता महाकुंभ का आयोजन दो दिवसीय 28, 29 दिसंबर को आईजी मैदान नालासोपारा मुम्बई में आगाज होगा। जिसमें अनेक राज्यों की टीमें भाग लेगी। महाकुंभ का समापन 29 दिसंबर को होगा। सीरवी समाज नालासोपारा नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष सोहनलाल डी. चौधरी ने बताया कि समाज की खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने, युवाओं में नेटवर्किंग बढ़ाने, उनकी खेल को प्रदर्शित करने तथा आपसी जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता के सकारात्मक परिणाम मिलेगे। उन्होंने कहा कि समाज में एक से बढ़कर एक खेल प्रतिभा छुपी है और महाकुंभ उन प्रतिभाओं को तराशकर एक मजबूत मंच दिलाने को प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फंडविस, अखिल भारतीय सीरवी महासभा के अध्यक्ष व पाली सांसद पीपी चौधरी सहित समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहेगे।

## युवाओं से बोले शशांक सक्सेना- भाजपा के जनप्रतिनिधि फिजूल के मुददों में उलझाएंगे, आपको रोजगार नहीं देंगे

### ग्रामीणों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का लिया संकल्प

सीहोर। क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता है। लोगों के जीवन में बदलाव के मकसद से ही



राजनीति में कदम रखा है। विधानसभा क्षेत्र का हरेक व्यक्ति मेरे परिवार का सदस्य है। उनके सुख दुख में साथ खडा रहूंगा। पीढियां का नाता है। मैं आपके अपने ही घर का बेटा हूं। लडाई आम और खास की है। एक तरफ पूंजीवादी ताकते हैं जो अपना लाभ देखती है दूसरी तरफ किसान का बेटा है आपका अपने बीच का नौजवान है, जिसके परिवार ने जनसेवा की है। इसलिए अब चुनाव आपके हाथ में है। यह बात मंगलवार को ग्रामीणों से संवाद करते हुए सीहोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने कही। उन्होंने कहा कि बिजनेसमेन लोग नेता बनकर आपके बीच वोट मांगते फिर रहे हैं कुछ दिन बाद क्षेत्र में दिखाई नहीं देंगे। भाजपा के जनप्रतिनिधि आपको बेकार के मुददों में उलझाएंगे, आपको रोजगार नहीं दे सकते हैं। सक्सेना परिवार ने क्षेत्र में लोगों को रोजगार दिए, कांग्रेस सरकार बनने में युवाओं को रोजगार मिलेगा। जनसंपर्क के दौरान अनेंकों स्थानों पर उनका ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। सक्सेना परिवार आपके साथ हमेशा रहा है आगे भी रहेगा। ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करना का आग्रह किया। मंगलवार को श्री सक्सेना ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मन्यासा, भट्टा, बुगलीवाली, भोज, शाहजहांपुर, बरखेडी, सतपौन, कतपौन, सोनकच्छ, जमोनिया खुर्द, पाटन, झरखेडा में सघन जनसंपर्क किया।

**रोजगार की बात पर चुप-** शशांक सक्सेना ने कहा कि मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से हरेक परिवार त्रस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं का सपना होता है रक्षा क्षेत्र में सेवाएं देना, वह मेहनती होते हैं उनमें जज्बा होता है लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार ने युवाओं का यह सपना भी चकनाचूर कर दिया। आर्मी में अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड किया जा रहा है। प्रदेश में वेकेंसी नहीं निकाली गई। बेरोजगारी के मुददे पर यहां के जनप्रतिनिधि चुप रहते हैं।

**किसानों की बनेगी सरकार-** कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने किसानों से वादा किया कि कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। कमलनाथ ने वचन दिया ह

## क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : संजीव सिंह

**भिण्ड ।** भिंड विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी व उस जिम्मेदारी को पूरा करने का भरसक प्रयत्न किया है। उन्होंने कहा



विधायक संजीव सिंह कुशवाह (संजू) शहर के वार्डो एवं ग्रामीण अंचलो में निरंतर जनसंपर्क कर रहे हैं ।शहर एवं ग्रामीण अंचल में कार्यकर्ताओं व जनता के द्वारा स्वागत कार्यक्रम के दौरान जनसमुदाय को संबोधित करते हुए श्री कुशवाह ने कहा कि आप लोगों ने 2018 में विधायक बनाकर भोपाल भेजा तब से अब तक भिंड विधानसभा क्षेत्र में विकास में कोई कसर नहीं छो?ी और न ही आगे छोड़ी जाएगी । उन्होंने कहा कि झूठे वादे करना उनकी शैली में शामिल नहीं रहा है। श्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश में सरकार कांग्रेस की रही हो या भाजपा की रही हो क्षेत्रवासियों द्वारा मुझे जो सौंपी गई कि क्षेत्र में कई बड़ी सौगातों की स्वीकृति कराने के लिए एडी - चोटी तक का जोर लगाकर प्रयास किये और उसी का परिणाम है कि नगर पालिक निगम की घोषणा करा पाया। श्री कुशवाह ने कहा मैं जो वादा करता हूं , उसे पूरा करने का भरकस प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्रवासी पुनः जिम्मेदारी सौपेंगे तो समूचे विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के क्षेत्रीय जनता की जरूरतों के हिसाब से विकास कार्य करेंगे । उन्होंने कहा कि जहां शाम ढलने पर अंधेरा रहता था वहां अब शाम ढलने पर शहर में प्रवेश करने पर अंधेरा नहीं पूरे शहर में लाइटिंग नजर आने लगी है।

## आज यम द्वितीया (भाई दूज) के दिन से, जिनको नामदान मिल गया, वो अपनी आत्मा के कल्याण के काम में लगो

### नकल में लोग असल को भूलते जा रहे हैं -सन्त बाबा उमाकान्त जी

उज्जैन (म.प्र)इस लेने-देने के संसार में सबका लोगों का कर्जा आप आराम से अदा कर पाओ ताकि जीवात्मा को मुक्ति मोक्ष मिल सके, ऐसा अति सरल उपाय अपने सतसंग में बताने वाले, दुखहर्ता, उज्जैन वाले पूरे सन्त सतगुरु, बाबा उमाकान्त महाराज जी ने 14 नवम्बर 2023 प्रात: उज्जैन आश्रम में दिए व यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर प्रसारित लाइव सतसंग में बताया कि यम द्वितीया मनाने का अलग-अलग तरीका है। कहीं बहने, भाई के घर जाएँगी, कहीं भाई, बहनों के घर जाएंगे। पौराणिक कथाओं में आता है कि आज के दिन यमराज, जो मालिक हैं, वह उस समय पर नर्क में जो जीव थे, उन जीवों को निकाल करके, उनका उद्धार करके अपनी बहन यमुना के घर गए थे। जो बहुत सी बहनें आज के दिन भाई के लिए करती हैं, यमुना ने वो उनका बड़ा स्वागत सत्कार किया, तिलक किया, खिलाया, पिलाया। यमराज खुश हो गए और कहा कि हमसे वरदान मांग लो। तो उन्होंने कहा, आज के दिन जो भाईयों को मानेगी बहन, भाई के घर जाएगी, वह आपके चंगुल से बची रहेगी, भाई-बहन बचे रहेंगे, ऐसा उन्होंने कहा था।

**कर्मों की सजा भोगनी पड़ेगी इस पर ज्यादा ध्यान देने और दिलाने की जरूरत**-किसी के लिए कोई घटना हो गई और यदि आपमें पावर ताकत है तो आप किसी को भी छोड़ सकते हो। जैसे भारत देश के राष्ट्रपति को पावर है कि किसी भी फांसी की सजा पाए अपराधी को छोड़ सकता है। 1-2-4 को छोड़ दिया। अगर वह सबको छोड़ने लग जाए तो नियम का उल्लंघन हो जाएगा।




फिर तो सब अपराध करने लग जाएंगे। विधान ही बदल जाएगा, विधान, नियम गलत हो जाएगा। इसलिए जो नियम बन गया कि कर्मों की सजा भोगनी पड़ेगी, इस पर लोगों को ज्यादा ध्यान देने और दिलाने की जरूरत है। कर्मों से कोई बच नहीं सकता है। यमुना के घर यमराज गए थे। नर्क में भले ही दो-चार जीव रहे हो, थोड़े ही रहे हो लेकिन उस समय लोगों के कर्म कम खराब रहते थे, कम जाते थे तो कम ही रहे होंगे। अब तो ज्यादा कर्म खराब हो रहे हैं, ज्यादा जीव नरक गामी हो रहे हैं। काल भगवान, जो यमराज के भी पूज्य हैं, उनका बनाया हुआ विधान कैसे गलत हो सकता है? इसलिए यह भ्रम आज के दिन निकाल देना चाहिए कि बहन पूजा कर लेगी, बहन को हम खिला-पिला देंगे, भेंट दक्षिणा दे देंगे तो हमको नर्क से मुक्ति मिल जाएगी। ऐसा नहीं हो सकता। कर्मों की सजा तो भोगनी ही पड़ती है, लेना-देना तो अदा करना ही पड़ता है। ऐसे बहुत से द्रष्टांत मिलते हैं कि कर्मों का फल तो मिला ही मिला। इसके बाद महाराज जी ने रावलपिंडी की ल?ाई, सहारनपुर के व्यापारी वाली घटना से इसी बात को समझाया।**सच पूछा जाए तो कोई किसी का नहीं है**-यह तो लेना-देना है, कर्जा है। असला तो अपना मालिक है, अपना पिता परमेश्वर है। हम लोग नकल में उसको भूल जाते हैं। अगर उसको हमेशा याद रखें, अगर उसका दर्शन दीदार अंतर में हो जाए, उसका वरदहस्त अगर सिर पर पड़ जाए फिर कोई दिक्कत नहीं रह जाएगी। यह सारे लोक, यमराज के लोक, यह सब देवलोक आदि सब छूट जाते हैं। इनका कोई झंझट, कोई डर ही नहीं रहता है। अगर आप साधना करने लग जाओ, जो युक्ति आपको मिली है, गुरु महाराज ने जो दिया, उनके जाने के बाद जो नाम आपको बताए गए, उन नये लोगों पर भी गुरु या हो रही है। इनका कोई डर भय नहीं, तीन लोक भय नहीं रहेगा। एक तो इस आत्मा के कल्याण के काम में लगो, लेना-देना वाली बात है

# शिवराज शासन में प्रदेश में कमीशन घोटाला और बेरोजगारी का विकास हुआ श्रीमती मिली ललित कुशवाहा






**सबलगढ़ ।** कांग्रेस प्रत्याशी विधायक बैजनाथ कुशवाहा के पक्ष में एक सैकड़ा महिलाओं ने शहर के बार्डों में घर-घर जाकर महिला पुरुष और युवाओं को कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री के 15 महीने के कार्यकाल की जानकारी दी और मतदाताओं को 11 कार्य करने के लिए वचन पत्र घर-घर जाकर दिए और कहा कि यह वचन पत्र पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा दिए गए हैं यदि आप सभी मिलकर सरकार बनाने में हमारी भरपूर मदद करते हैं और यदि सरकार बनती है तो 11 वचनों का पालन अति शीघ्र किया जाएगा। जैसा कि पहले 15 महीने के कार्यकाल में 28 हजार रुपए कन्यादान योजना को बढ़ाकर 51हजार रुपए की गई ,100 यूनिट बिजली फ्री दी गई, किसानो की बिजली माफ की गई, गौशालाएं खोली गई 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। मिली ललित कुशवाहा विधायक बैजनाथ कुशवाहा की पुत्रवधू ने कहा की शिवराज शासन में प्रदेश में कमीशन घोटाला और बेरोजगारों का विकास हुआ है किसान और हमारे युवा भाइयों को नौकरी आज तक नहीं मिली है प्रदेश का विकास रुका हुआ है जिससे हमारी सबलगढ विधानसभा में विकास ठप्प पड़ा हुआ है मध्य प्रदेश का विकास हुआ तो केवल कमीशन घोटाला बेरोजगारों भ्रष्टाचारों का हुआ है। शिवराज सिंह की आंख कान नहीं चलते हैं चलता है तो मुंह बहुत चलता है मुंह चलाने में और प्रदेश चलाने में बहुत अंतर होता है ,उक्त विचार मिली ललित कुशवाह ने वार्डों में भ्रमण के दौरान मतदाताओं से कहीं। शशि केमार टेट्रा ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के लिए 18 वर्षों से बहने लाडली नहीं थी चुनाव आते ही बहने लाडली हो गई छोटी सी रकम देकर उन्हें लालच दिया जा रहा है लाडली बहने शिवराज भाई के चक्कर में नहीं पड़ने वाली है वह सब जानती हैं कि चुनाव तक के लिए ही रेवड़ियां बांटी गई है मीरा कुशवाहा ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बोट के लिए महिलाओं को साड़ियां बाटी जा रही है उनको भरपूर लालच दिया जा रहा है हमारी कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हर बार किसानों के हितों की चिंता की है। राजनीति हमारे कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कोई व्यापार नहीं है। सबलगढ की विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की सेवा है हमारी कांग्रेस ने और हमारे प्रत्याशी बैजनाथ कुशवाह ने हमेशा सबलगढ़ जनता की सेवा की है और उनकी सुरक्षा प्रदान की है 15 महीने के कार्यकाल में उन्होंने इतनी काम किए हैं कि भाजपा सत्ता में रहते हुए भी कार्य नहीं कर पाई नीता शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष झुंडपुरा ने कहा कि हमारा जन प्रतिनिधि प्रत्याशी बैजनाथ कुशवाहा समस्याओं के लिए खुद लड़ते हैं हकीकत तो यह हे कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन रही है इसलिए 17 नवंबर को कांग्रेस को वोट देकर बैजनाथ कुशवाहा को फिर विधानसभा भेजें जिससे आपके क्षेत्र का भरपूर विकास हो सके। नारी शक्ति महिलाओं ने एवं युवाओं एवं सभी वर्ग की जातीय महिलाओं के द्वारा वार्ड एक से लेकर 18 तक घर-घर जाकर भ्रमण किया गया है। भ्रमण के दौरान मिली ललित कुशवाहा ने देव तुल्य महिला एवं पुरुष मतदाताओं के चरण स्पर्श कर के उनसे भरपूर आशीर्वाद लिया है उनके साथ सभी वर्ग की नारी शक्ति महिलाएं जनसंपर्क के दौरान साथ चल रहीं थी ।

# नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्कूल के बच्चों ने चलाया जागरूकता अभियान दिया मतदान का संदेश

## ग्रेस एवं सदीपनी स्कूल के बच्चों ने की मतदान करने की अपील




**सबलगढ़ ।** शहर सबलगढ़ के प्रमुख स्कूल सदीपनी एवं ग्रेस स्कूल के बच्चों ने जगह-जगह नुक्कड़ नाटक अभियान चलाया। देश के विकास में मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है।

सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी महिला - पुरुष- युवा मतदाता 17 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर एवं सारे कार्य छोड़कर किसी के बहकावे में ना आकर मतदान अवश्य करें। संदीपनी स्कूल एवं ग्रेस स्कूल के बच्चों के माध्यम से सिविल अस्पताल तिराहै पर संगीतमय नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपने अमूल्य मत का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को देखने सिविल अस्पताल के तिराए पर सैकड़ो मतदाताओं ने संगीतमय नुक्कड़ सभा के कार्यक्रम को बड़ी गंभीरता से देखा और कहा कि हम अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे और कुछ मतदाताओं ने यहां तक कहा कि हम अपने हाथ की उंगली पर स्याही का निशान अवश्य लगवाएंगे। वचन भी दिया इसी प्रकार नुक्कड़ सभाओं का आयोजन अन्य प्रमुख स्थानों पर भी किया गया इन नुक्कड़ सभाओं से मतदाताओं में जागरूकता आई है। इस कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्याम यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक पटेल, संदीपनी स्कूल एवं ग्रेस स्कूल के प्रमुख संचालक अजय बंसल एवं स्कूल का समस्त स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे।

# प्रदेश में सरकार बनते ही स्कूलों में मिलेगी नि :शुल्क शिक्षा–विधायक पाठक

## पाठक ने किया वार्ड 37 में परिजन संपर्क कार्यक्रम





**ग्वालियर --** ग्वालियर दक्षिण से कांग्रेस पार्टी के विधायक एवं आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी प्रवीण पाठक ने कहा है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रदेश में स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव के साथ-साथ प्रत्येक वर्ग एवं आयु के लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू होंगी।विधायक पाठक ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को ?500 रुपए नवीं से दसवीं तक को ?1000 रूपए एवं 11वीं से 12वीं तक के बच्चों को ?1500 रूपए प्रतिमाह मिलेंगे और साथ में स्कूली शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी।इसके साथ ही विधायक पाठक ने कांग्रेस सरकार बनने के बाद प्रदेश में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने के बारे में बताते हुए कहा कि नारी सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह ?1500 रूपए दिए जाएंगे , सिलेंडर जो अभी लगभग ?1200 में मिल रहा है वह ?500 में दिया जाएगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को भी डबल करते हुए ?600 से ?1200 रूपए कर दिया जाएगा । बिजली का बिल भी 100 यूनिट तक मुफ्त एवं 200 यूनिट तक आधा किया जाएगा। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य बीमा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के अलावा युवाओं, बुजुर्गों ,महिलाओं, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों के लिए भी कई क्रांतिकारी योजनाएं लागू की जाएगी। विधायक पाठक ने लोगों से कांग्रेस पार्टी को वोट करने की अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं और महंगाई और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाएं।



**विधायक पाठक ने किया वार्ड 37 में ÷परिजन संपर्क कार्यक्रम÷, कई स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत**–ग्वालियर दक्षिण से कांग्रेस पार्टी के विधायक एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक द्वारा अपने परिजनों के साथ सतत संपर्क बनाए रखने के क्रम में वार्ड 37 में परिजन संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसके तहत सभी कार्यकर्तागण माधव नगर गेट नंबर 1 पर एकत्रित होकर माधव नगर गेट नंबर 2 तक पहुंचे यहां से मंगलेश्वर हनुमान जी मंदिर से होते हुए संजय नगर काली माता मंदिर तक घर-घर जनसंपर्क करते हुए आगे बढ़े। परिजन संपर्क कार्यक्रम के दौरान कई स्थानों पर विधायक पाठक को फलों से एवं कई स्थानों पर लड्डूओं एवं अन्य मिठाइयों से तोला गया। स्थानीय लोगों ने पूरे क्षेत्र को कांग्रेसमय करते हुए झंडों, बैनरों-पोस्टरों एवं गुब्बारों से सजाकर पटाखे फोड़ कर विधायक पाठक का स्वागत किया एवं कई स्थानों पर फूल माला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।



**परिजन संवाद कार्यक्रम÷ के अंतर्गत वार्ड 51 एवं 55 में अपने परिजनों से किया संवाद**–विधायक पाठक ने शाम परिजन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड 51 एवं वार्ड 55 में दो स्थानों पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर अपने परिजनों से संवाद किया।

# पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ला ने बैजनाथ कुशवाहा कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में ग्रामीणं में अपील करने पहुंचे

**सबलगढ़ ।** सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के कांग्रेस प्रत्याशी बैजनाथ कुशवाहा के समर्थन में पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन बालेन्दु शुक्ला प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं उनके साथ महेश मिश्रा पूर्व विधायक जौरा एवं लतीफ खान, रजीत सिंह तोमर सहप्रभारी ग्रामीण क्षेत्रों में ब्राह्मण समाज के मतदाताओं के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं की जानकारीली उनको कांग्रेस सरकार के 15 महीने के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समय की योजनाओं की जानकारी दी और उनसे कहा कि आपका यदि कोई कार्य है तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके कार्य में कोई रुकावट नहीं आएगी। आपका प्रत्याशी बैजनाथ कुशवाहा बहुत सरल और सहज स्वभाव का व्यक्ति है वह हमेशा आपके बीच रहेगा।आप अपना मत कांग्रेस के पक्ष में हाथ के पंजे पर बोट डालने की अपील की, मतदाताओं ने उन्हें विश्वास दिलाया हम आपके साथ हैं



उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ ब्राह्मण समाज के ग्राम कुटरावली, बड़मन , एचोंली , रामगढ़,खैरा खिरकारी इन गांवो में जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। वरिष्ठ नेतृत्व के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुवीर वकील, राम लखन सरपंच, सियापोश शर्मा कुल्होली, अशोक सरपंच, सुरेंद्र सिंह, प्रेम किशोर शुक्ला, हरि मोहन पचौरी, राकेश पांडे, रवि रतन तेहरिया, मुकेश सरपंच, शैलेंद्र वोहरे ,बृजेश मरैया, सुनील मुदगल, राम सुमेर मरैया ,गिरिराज शर्मा एचोली ,रमेश शर्मा ,गंगाराम धाकड़, हरिराम धाकड़, मुन्ना महाराज, अन्ना हजारे, पप्पू सिकरवार एचोली, लखमी व्यास, योगेश व्यास, मोनू शर्मा, रामकिशोर उदैया, सुनील मुदगल, कैलाश चंद्र वकील, मोनू मरैया, सरपंच हरिश्चंद्र शर्मा, हरिचरन दांतरे, महेश वोहरे, राजेश श्रीवास, राम लखन सिकरवार, रमेश शाक्य नेपरी मंडल अध्यक्ष, केदार शर्मा बेरई , भवानी शर्मा, रेनू शर्मा खेरा डिगवार के द्वारा गांवो में पूर्व मंत्री वालेन्द शुक्ला एवं महेश मिश्रा पूर्व विधायक जौरा, लतीफ खान रजीत सेगर सहप्रभारी का ब्राह्मण समुदायों द्वारा गांव - गांव में अभूतपूर्व स्वागत किया गया।



# बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सोनी धाकड़ का सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क करते हुए अपने कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ

*सबलगढ़ विधानसभासे बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सोनी धाकड़ के द्वारा सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांमो में जाकर 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए वोट मांग रहे हैं उनके साथ बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो का काफिला जोश के साथ चुनाव मैदान में डटा हुआ है तथा देर रात तक विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर सोनी धाकड़ के लिए वोट मांग रहे हैं उनके काफिले में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी डॉक्टर बद्री लाखा उम्मेद सिंह अटारिया भभूती कौशल संदीप सोलंकी ओम प्रकाश सेंगर राजवीर राय रोशन लाल।*

# प्रत्येक परिवार को रोजगार देना लक्ष्यः शिवराज सिंह




**मुरैना ।** सोमवार को माननीय शिवराज सिंह चौहान मुरैना भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह कंषाना में समर्थन में जनसभा की। जनसभा का आयोजन नाऊपुरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में भाजपा ग्रामीणों ने भाग लिया। जनसभा का संबोधित करते हुये श्री चौहान ने कहा कि श्री चौहान ने कहा कि लाडली बहन को 1250 रुपया प्रतिमाह मिलता है। इसको बड़ाकर 3000 तक हम धीरे-धीरे ले जाएंगे, लाखों बेटियां पैदा होते ही लखपति बन गई। हमारा एक संकल्प और है कि प्रत्येक परिवार को रोजगार देना। जो लोग पीएम आवास योजना से छूट गए हैं उन्हें भी मकान मिलेगा। देश की जीएसटी में प्रदेश का योगदान हमारे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। किसानों को सम्मान निधी मिल रही है। कमलनाथ ने 15 महीनों की सरकार में योजनाओं पर तालाबंदी कर दी थी। आने वाले चुनाव में उसका जवाब अब जनता देने को तैयार है। कमलनाथ के शासनकाल में भ्रष्टाचार को बड़ावा दिया गया। जगह-जगह दलाली के अड्डों की बात किसी से छिपी हुई नहीं है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेशपाल गुप्ता, गिर्राज डण्डौतिया, हमीर सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह यादव, चारूकृष्ण डण्डौतिया, बीएल शर्मा रिटा0 आईएएस, संजीव कंषाना, अंकित कंषाना नत्थी सिंह गुर्जर एडवोकेट, सतीश शर्मा, रविन्द्र किरार, महेन्द्र चौहान, जितेन्द्र सिंह लभनपुरा, आबिद खांन एडवोकेट, जगदीश पाठक, अजय हर्षाना, राजाराम राठौर, भगवान सिंह जाटव, जगदीश पाठक, भूरा हर्षाना मदन बसई, अजीत कौरव, राकेश श्रीवास्तव, विनोद शर्मा, वैजनाथ कुशवाह, मेवाराम कुशवाह, दलवीर जाटव अनुसूचित मोर्चा, प्रदीप कंषाना, पंजाब सिंह सरपंच, इकबाल खांन, छोटे खांन परीक्षा सरपंच, राजवीर बड़वारी सरपंच, पप्पू खांन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### कांग्रेस राम को काल्पनिक कहती थी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस राम को काल्पनिक कहती थी। कोर्ट का सहारा लिया जाता था। ऐसे -ऐसे सवाल पूछे जाते थे कि दशरथ जी के महल में 10 हजार कमरे थे, बताओ कौन से कमरे में जन्म हुआ। अब जब लग रहा है जनता नहीं मानेगी तो राम नाम की माला जप रहे हैं हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। लेकिन अब राम मंदिर का निर्माण हो रहा तो कांग्रेस को पच नहीं रहा, पोस्टर लगने का विरोध किया जा रहा है। भगवान राम देश के आराध्य हैं। भगवान राम देश की पहचान हैं, लेकिन कांग्रेस ने भगवान राम पर भी सवाल उठाया।

### बिखरी हुई कांग्रेस प्रदेश का भला नहीं कर सकती

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बिखरी हुई कांग्रेस कभी देश और प्रदेश का भला नहीं कर सकती। सोनिया गांधी बेटा और बेटी को ही स्थापित करने में जुटी हैं। इसी परंपरा को कमलनाथ जी निभा रहे हैं, वह अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं। उनके बेटे तो टिकट भी घोषित करते हैं। पहले छिंदवाड़ा की टिकट बेटा अनाउंस करेगा और बाद में फिर कांग्रेस अनाउंस करेगी। दिग्विजय जी अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं और पर्दे के पीछे इंडी गठबंधन तो बिखर ही गया है कांग्रेस भी बिखेर रही है और अब सफाई देनी पड़ रही है हम साथ-साथ हैं।

### दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को पीस दिया

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के नेता तो जय वीरू की जोड़ी बता रहे हैं। अब यह जोड़ी जय वीरू की जोड़ी नहीं है एक फिल्म आई थी ÷मेरे अपने÷ जिसमें श्याम और छेनू की जोड़ी दोनों अपने-अपने मोहल्ले में कब्जे के लिए लड़ते थे। ऐसा ही कांग्रेस में हो रहा है। अभी कमलनाथ की चक्की कितनी चलेगी मुझे पता नहीं फिलहाल दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को पीस दिया।




### विकसित प्रदेश बनाना टारगेट

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि समृद्ध भारत, एक शक्तिशाली भारत का निर्माण हमारा लक्ष्य और उसके लिए समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश में बनाना है। हम उस अभियान के एक अंग हैं और इस अभियान के तहत ,शनिदेव पर शानिलोक मुरैना में बाईपास, रिंग रोड,। हमारे पास पूरे चंबल का रोडमैप तैयार है और काम किया जा रहा है। जन कल्याण की दृष्टि से जो हमारा संकल्प है और हम इस दिशा में आगे लगातार बड़ रहे हैं।

# राकेश रुस्तमसिंह बैठे धरने पर दिलाया मृतक मुनेश वाल्मीक को मुआवजा..

नवंबर की सुबह वार्ड क्रमांक 19 में नगर निगम मुरैना के सफाई कर्मचारी मुनेश वाल्मीक की सांड द्वारा हमला कर उनके गले में सींग मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ! इस पर मृतक के परिजनों व निगम के कर्मचारियों ने अस्पताल में अक्रोशित होकर हंगामा कर दिया , इस दुर्घटना के संज्ञान में आते ही बसपा प्रत्याशी स्वयं अस्पताल पहुंचे और दुखी परिजनों को सांत्वना दी ! परिजनों व निगम के कर्मियों ने मृतक के शरीर को ले जाकर नगर निगम के गेट पर रख दिया बसपा प्रत्याशी श्री राकेश



रुस्तमसिंह जी सबके साथ धरने पर बैठ गए ! धरने की खबर पाते ही नगर निगम कमिश्नर एवम पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और अपने तरीके से आंशिक सहायता कर मामले को रफा दफा करने में जुट गया ये देख बसपा प्रत्याशी श्री राकेश रुस्तमसिंह जी गुस्से में आ गए और उन्होंने निगम अमले पर दबाव बनाते हुए मृतक के परिवार को नौकरी और बड़ी धनराशि दिए जाने की मांग की इस पर काफी जद्दोजहद के बाद नगर निगम कमिश्नर ने बसपा प्रत्याशी के समक्ष मृतक के एक बेटे को अनुकंपा नियुक्ति, दूसरे बेटे को संविदा नियुक्ति साथ ही तात्कालिक सहायता बतौर 50 हजार रुपए , रैड क्रॉस से 10हजार रूपए दिए जाने व 6 लाख रुपए आगामी 15 दिन में दिए जाने का लिखित आश्वासन दिया ! इसके बाद बसपा प्रत्याशी ने मृतक के परिजनों को जब भी आवश्यकता पड़े मदद किए जाने का वचन दिया !

**प्रभाकर मिश्रा**

# नजीराबाद में दिग्गी राजा की सभा में उमड़ा जनसैलाब

**बैरसिया।।** प्रचार प्रसार के अंतिम दिनों राजनैतिक पार्टियां पुरा जोर लगा रही। मंगलवार को बैरसिया विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री हरिकरण के पक्ष में राज्यसभा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह नजीराबाद पहुंचे और आम सभा को संबोधित करते हुए जयश्री सभी जनता से भाई दूज का उपहार आगामी 17 नवंबर को हाथ के पंजे मोहर लगाकर भारी बहुमत से जिताकर वहन को उपहार देने की बात कही। दिग्गी राजा ने कहा कि मोदी जी को अब शिवराज सिंह और उनके मंत्रियों पर चुनाव जिताने का भरोसा नहीं रहा घबराहट में मोदी जी और पुरे केन्द्र के मंत्री मध्यप्रदेश में छोटी छोटी जगह पर जा रहें इससे यह स्पष्ट होता है कि अब भाजपा चुनाव हार रही।पुरे प्रदेश में बदलाव की लहर है। भाजपा सरकार में कमीशन खोरी भ्रष्टाचार अब चरण सीमा में पहुंच गया। हर चीज़ में कमीशन विधायक का अलग रेट सांसद का अलग रेट सबका कमीशन तय है। फिर विकास कैसे हो आधा पैसा कमीशन में चला



गया आधे से सिर्फ खानापूर्ति की गई। नामांतरण बंटवारा जो पंचायतों में आसानी से हो जाता था अब उसके भी रेट फिक्स है। मामा को बहनों की अठारह साल बाद आद आई इधर महिलाओं को 12 सौ रुपए दे रहे और उधर जीजाजी से 3 हजार बिजली बिल के माध्यम से ले रहे। किसानों को साल में 6 हजार दे रहे उधार 25 हजार डीजल पेट्रोल खाद महंगा देकर वापसी ले रहे।ऐस खेल चल रहा अब जनता समझ चुकी

# खुशी और गम से परे परमात्मा के साम्राज्य में प्रवेश – सहज योग से।



हम अपने जीवन में प्रमुख रूप से तीन तरह के मनुष्यों को देखते हैं। पहले वे जो हमेशा दूसरों की शिकायत ही करते रहते हैं वे अहंकार से ग्रसित होते हैं और दूसरों को दबाने का प्रयास करते हैं। दूसरे प्रकार के लोग मानो हमेशा दुखी रहने के लिए ही जीवित रहते हैं, कोई भी चीज उन्हें खुश नहीं कर सकती है। तीसरे वे लोग होते हैं जो अनुकूल या प्रतिकूल हर स्थिति में प्रसन्न रहते हैं, जो कुछ भी उन्हें उपलब्ध होता है, उसी में संतुष्ट रहते हैं। ? इस संसार को इन तीनों परिस्थितियों ने ही ढक रखा है और लोग उन्हीं परिस्थितियों के चश्मे से संसार और संसार के रचयिता को देखा भी करते हैं। तीसरी तरह के जो लोग हैं वे सहज योगियों जैसे हैं, हर हाल में खुश। वास्तव में यह संसार निराकार परमात्मा का ही साकार रूप है। यह दुनिया अदृश्य सत्ता की काया और अबोल का बोल है। जैसे नदी को पार करने के लिए जल में उतरना पड़ता है। वैसे ही सांसारिक परिस्थितियों की सरिता को पार करने के लिए उसमें उतरना पड़ता है और पार उतरने की युक्ति जानने के लिए गुरु के पास जाना पड़ता है। गुरु से ही परिस्थितियों की ओट में छिपी वास्तविकता का बोध होता है। साकार समस्याओं के मूल में अवस्थित अरूप परमात्मा का साक्षात्कार होता है। जो मनुष्य गुरु कृपा से प्राप्त युक्ति का इस्तेमाल करता है, वह इस किनारे से उस किनारे तक की यात्रा को सुरक्षित रूप से पार करने में सफल होता है। भवसागर को पार करने का आनंद तैराक योगी को ही मिलता है। नाव में बैठे सामान्य मनुष्य भी श्रद्धा और भक्ति मार्ग का सहारा ले सांसारिक समस्याओं के भोगते होते हुए भी उसे पार करने में सफल हो जाते हैं।पर, जीवन का आनंद कहीं गुम हो जाता है। यदि ऐसा हुआ तो जीवन का उद्देश्य ही अधूरा रह जायेगा। हमारे जीने का अर्थ ही नहीं रह जायेगा। सहज योग माध्यम से आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर हम जीने का अर्थ पाते हैं। भक्ति और उपासना से ज्यादा महत्वपूर्ण है अपने को पाना। जीवन तभी सफल है ना जब हम अपने परमपिता परमेश्वर से जुडते हैं। 29 अक्टूबर 2000 के अपने एक प्रवचन में श्री माताजी ने हमें समझाने का प्रयास किया है,

# सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षाबलों के कमांडेंट, सहायक कमांडेंट स्तर के अधिकारियों की ली बैठक

### 17 नवम्बर को जिले में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के लिए ली गई बैठक





विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में 17 नवंबर को होने वाले निर्वाचन के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपादन हेतु जिले के लिए नियुक्त सुरक्षा बलों के कमांडेंट एवं सहायक कमांडेंट स्तर के अधिकारियों की आज सामान्य प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती श्री मोहम्मद वाई. सफिरूल्ला के., विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 व 37 श्री उमाकांत त्रिपाठी, पुलिस प्रेक्षक श्री शैलेन्द्र कुमार बर्णवाल, व्यय प्रेक्षक श्री अतुल कुमार रामदास गोखे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नुपूर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर. आहिरे द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव हेतु जिले के लिए बाहर से नियुक्त सुरक्षा बलों और जिला पुलिस बल को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुवे मतदान दलों, सामग्री वितरण, सामग्री वापसी सहित अन्य सुरक्षा कार्यों के विषय में आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में सुरक्षा बलों के अधिकारियों की उपस्थिति में सक्ती जिले का मैदानी जिला होने के अनुसार निर्वाचन कार्य हेतु संभावित औचक कार्यों, क्रिटीकल मतदान केन्द्र के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में सीआरपीएफ कमांडेंट श्री आलोक अवस्थी, कमांडेंट श्री के.बी.के.एस. चौधरी, उप कमांडेंट श्री ब्रजेंद्र कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट श्री शशी भूषण यादव, असिस्टेंट कमांडेंट श्री मनीश सोनी, असिस्टेंट कमांडेंट श्री निरंजन, निरीक्षक श्री मृत्युनजय कुमार उपाध्याय, सक्ती आर आई श्री लीमेश राय, निरीक्षक श्री गगन वाजपेयी उपस्थित थे।

# फिल्म फर्रे का दूसरा गाना मचादे तबाही हुआ रिलीज़ – सुनिधि चौहान की दमदार आवाज़ थिरकने पर कर देगी मजबूर




जो फिल्म महज एक सवाल, व्हाट इज फर्रे? से शुरू हुई, वह साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है। हां, इस फिल्म में अलीज़ेह, ज़ेन शॉ, प्रसन्ना बिष्ट और साहिल मेहता नज़र आयेंगे और उन्होंने पहली झलक में ही लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। सिर्फ फिल्म की कहानी ही नहीं, बल्कि अभिनय भी लोगों को काफी पसंद आ रहा है और वे फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं फर्रे के ट्रेलर के समय से ही टाइटल ट्रैक की लोग काफी सराहना कर रहे हैं। फिल्म का पहला गाना घर पे पार्टी रिलीज़ करने के बाद अब निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा गाना मचा दे तबाही रिलीज किया जिसे सुनिधि चौहान ने स्वरबद्ध किया है।इस गाने के बारे में अच्छी बात यह है कि इसमें जश्न का माहौल है और इस गाने में एक मजेदार एलिमेंट अलीजेह जोडती है। सुनिधि चौहान का गाना आपको पूरी तरह झूमने पर मजबूर कर देगा। अलिज़ेह के दमदार प्रदर्शन के कारण ही फर्रे की चर्चा बढ़ी है। मचादे तबाही का संगीत सचिन-जिगर ने दिया है और गीत अभिषेक दुबे ने लिखे हैं।फर्रे का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सौमेंद्र पाढ़ी ने किया हैं और इसमें अलीज़ेह, ज़ेन शॉ, साहिल मेहता, प्रसन्ना बिष्ट, रोनित बी रॉय और जूही बब्बर सोनी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ये हाई-स्कूल थ्रिलर ड्रामा नवीन येरनेनी , वाई रविशंकर, सुनीर खेतरपाल, अतुल अग्निहोत्री, अलवीरा खान अग्निहोत्री, निखिल नमित।द्वारा निर्मित हैं। फर्रे 24 नवंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# दयालुता भाव से विश्व में सकारात्मक प्रभाव-शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमंस सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि दयालुता के कार्यों को बढ़ावा देने और उत्सव मनाने के लिए समर्पित एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन हमें उस शक्तिशाली प्रभाव की याद दिलाता है जो दयालुता के कार्यों से एक व्यक्ति, एक समुदाय और पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। नस्लीय, धार्मिक, राजनीतिक और भौगोलिक विभाजनों को पाटते हुए दयालुता मानवता के लिए मौलिक है। यह दिन लोगों के लिए जानबूझकर दयालुता के कार्य करने और सहानुभूति और उदारता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन है।थिंक मानवाधिकार संगठन की एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन



जैन ने कहा कि दयालुता दिवस संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जापान, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात आदि जैसे कई देशों में मनाया जाता है। यह दिन हमें दूसरों के प्रति दयालुता से काम करने का अवसर प्रदान करता है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि दयालुता एक आवश्यक एकीकृत मानव सिद्धांत है। दयालुता का कार्य लोगों को एक साथ लाता है और आसपास के वातावरण में एक प्रकार का सकारात्मक माहौल पैदा करता है।शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जी, शालू सिंह एडवोकेट, विमला चौधरी, मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, डॉ राजेंद्र कुमार जैन, संरक्षक आलोक मित्तल एडवोकेट,ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, डॉ संजीव शर्मा आदि ने कहा कि विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और ज़रूरत पड़ने पर किसी व्यक्ति की मदद करने की इच्छा है।

**शिवानी जैन एडवोकेट**
**डिस्ट्रिक्ट वूमेन चीफ**

# ABV-IIITरूमें जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि दी गयी



**ग्वालियर ।** जन जातीय गौरव दिवस के अवसर पर ए बी वी - आई. आई. आई. टी. एम. ग्वालियर संस्थान में सभी संकाय एवं असंकाय सदस्यों ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर उन्हे याद किया । एडमिन ब्लॉक के प्रदर्शनी हॉल में यह दिवस उनकी जयंती को याद करते हुए मनाया गया।आदिवासी समुदाय के लिए भगवान बिरसा मुंडा का योगदान और हमारे राष्ट को आकार देने में उनकी भूमिका अतुलनीय है। उक्त कार्यक्रम संस्थान के निदेशक प्रो एस एन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । निदेशक ने बताया कि - ÷इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें उनकी विरासत का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का दिवस हमें आदिवासी संस्कृति और विरासत के महत्व पर विचार करने और हमारे देश की समृद्ध विविधता का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है÷। इस वर्ष,ने 15 से 26 नवंबर तक तीसरा जन जातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया है। विस्तारित उत्सव को देश भर में संविधान दिवस के साथ मनाने की योजना है।

# ग्वालियर चंबल अंचल में चुनावी शोर थमा, अंतिम दौर में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**ग्वालियर।** ग्वालियर चंबल अंचल में आज चुनावी शोर थम गया। यहां की 34 विधानसभा सीटों पर अब 17 नवंबर को मतदान होगा। मतदान से पहले अंतिम दौर में उम्मीदवारों ने पूरा जोर लगाया। आज सुबह से ही उम्मीदवार बड़ा रैला लेकर विधानसभाओं में बैंडबाजों के साथ पैदल-पैदल घूमे और समर्थन की अपील भी की।ग्वालियर चंबल अंचल की 34 विधानसभा भाजपा और कांग्रेस के लिये नाक का सवाल बन गई है। यहां दोनों ही दलों के बड़े नेताओं ने जमकर रैलियां भी की। भाजपा की ओर से पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, यूपी सीएम योगी



आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई केन्द्रीय मंत्री और अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री आये और चुनावी सभायें ली। वहीं कांग्रेस की कमान पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व यूपी अध्यक्ष राज बब्बर सहित कई केन्द्रीय नेताओं ने सम्हाली। जबकि बसपा के लिये मायावती और सपा के लिये अखिलेश यादव ने चुनावी सभायें ली। वहीं आप के लिये दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब सीएम भगवंत मान ने मोर्चा सम्हाला। पर्चे भरने के बाद जो चुनावी शोर शुरू हुआ वह आज 15 नवंबर की सायं 4 बजे थम गया। प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने खूब जोर लगाया। दतिया में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनावी सभा ली। इधर ग्वालियर में भी प्रत्याशियों ने बड़ी-बड़ी रैली निकालकर ताकत दिखाई।


# ग्वालियर चंबल अंचल में चुनावी शोर थमा अंतिम दौर में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**ग्वालियर।** ग्वालियर चंबल अंचल में आज चुनावी शोर थम गया। यहां की 34 विधानसभा सीटों पर अब 17 नवंबर को मतदान होगा। मतदान से पहले अंतिम दौर में उम्मीदवारों ने पूरा जोर लगाया। आज सुबह से ही उम्मीदवार बड़ा रैला लेकर विधानसभाओं में बैंडबाजों के साथ पैदल-पैदल घूमे और समर्थन की अपील भी की।ग्वालियर चंबल अंचल की 34 विधानसभा भाजपा और कांग्रेस के लिये नाक का सवाल बन गई है। यहां दोनों ही दलों के बड़े नेताओं ने जमकर रैलियां भी की। भाजपा की ओर से पीएम नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री





राजनाथ सिंह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित कई केन्द्रीय मंत्री और अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्री आये और चुनावी सभायें ली। वहीं कांग्रेस की कमान पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व यूपी अध्यक्ष राज बब्बर सहित कई केन्द्रीय नेताओं ने सम्हाली। जबकि बसपा के लिये मायावती और सपा के लिये अखिलेश यादव ने चुनावी सभायें ली। वहीं आप के लिये दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब सीएम भगवंत मान ने मोर्चा सम्हाला। पर्चे भरने के बाद जो चुनावी शोर शुरू हुआ वह आज 15 नवंबर की सायं 4 बजे थम गया। प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने खूब जोर लगाया। दतिया में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने चुनावी सभा ली। इधर ग्वालियर में भी प्रत्याशियों ने बड़ी-बड़ी रैली निकालकर ताकत दिखाई।


# मतदान केन्द्रवार हुआ मतदान दलों का निर्धारण

**ग्वालियर ।**कौन सा मतदान दल कौन से मतदान केन्द्र पर मतदान कराएगा, इसका निर्धारण हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित सिस्टम से कम्प्यूटर के जरिए जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न कराने के लिये प्रेक्षकगणों की मौजूदगी में मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के अनुसार मतदान केन्द्रवार मतदान दलों की ड्यूटी से संबंधित सूची से 16 नवम्बर को मतदान सामग्री वितरण स्थल पर प्रातःकाल प्रदशित की जायेगी। बुधवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के



प्रेक्षकगणों तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व व ग्वालियर दक्षिण के प्रेक्षक रवि कुमार अरोरा, भितरवार विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक के. विवेकानंद, विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण व ग्वालियर के प्रेक्षक अनिल कुमार सिंह, विधानसभा क्षेत्र डबरा (अजा) के प्रेक्षक आनंद शर्मा मौजूद थे। साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार व टी एन सिंह, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल के पाण्डेय एवं जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफीसर मौजूद रहे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रीमती अभिलाषा जैन व श्रीमती तृप्ति निगम ने रेंडमाइजेशन की कार्रवाई सम्पन्न कराई।

# मां कनकेश्वरी की कथा के लिए पांडाल सजा, कथा कल से आज निकलेगी 151 कलश की शोभायात्रा, संत महंत होंगे शामिल



**ग्वालियर।** महलगांव स्थित सिद्धपीठ श्रीकैलादेवी एवं कुंअर महाराज मंदिर में आयोजित किए जा रहे आदि शिवशक्ति मां जगदम्बा नवकुंडी महायज्ञ व एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिर परिसर में विशाल एवं भव्य डोम पांडाल लगाया गया है, वहीं भव्यतम यज्ञशाला भी बनकर तैयार है। इस महाआयोजन का आरंभ आज गुरूवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा,जिसमें 151 कलश की शोभायात्रा में संत महंत बग्घी पर सवार होकर निकलेंगे। महामंडलेश्वर कपिल मुनि महाराज ने बताया कि भव्य कलश यात्रा 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे महाबली हनुमान मंदिर सिटीसेंटर सचिन तेंदुलकर मार्ग से आरंभ होगी, जिसमें महिलाएं 151 कलश लेकर चलेंगी। संत महंत बग्घियों पर सवार होकर चलेंगे, जिसमें दंदरौआ महाराज, खनेता धाम के रामभूषण महाराज, ढोलीबुआ मठ के सच्चिदानंद ढोलीबुआ महाराज, अण्णामठ के अण्णा महाराज प्रमुख रूप से शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यज्ञाचार्य दीपक तिवारी के नेतृत्व में हर रोज सुबह 9 बजे से जगदम्बा नवकुंडी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# भारत का विभाजन जिन्ना की जीद पर हुआ : हिंदू महासभा




**ग्वालियर।** देश के विभाजन का प्रतिकार करने वाले हुतात्मा नाथूराम गोडसे एवम हुतात्मा नारायण आप्टे जी का 74 वें बलिदान पर दिनांक 15 नबम्वर को दोपहर ठीक 12 बजे हिंदू महासभा भवन, दौलतगंज, लश्कर पर हुतात्मा गोडसे मंदिर की छटवीं वर्षगांठ पर ÷भारत का विभाजन कब, क्यों, कैसे ÷ विषय विचार गोष्ठी का आयोजन किया।गोष्ठी का शुभांरभ हुतात्मा गोडसे जी के चित्र के समक्ष मुख्यअतिथि श्रीमती अर्चना सिंह चौहान ,संभागीय महिला प्रवक्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया । देश की आजादी के लिए लाखों बलिदान क्रांतिकारियों को देने के वाद भारत के विभाजन के साथ 15 अगस्त 1947 को आजादी मिली। उस समय भाजपा का जन्म नहीं हुआ था। कांग्रेस के मोहम्मद अली जिन्ना और पंडित जवाहर लाल नेहरू दोनों ही प्रधानमंत्री बनने की लालसा ने मोहन दास करमचंद गांधी जी ने देश विभाजन कराने जिससे लाखों हिन्दूओं को अकारण हत्या करवाने का कांग्रेस ने कार्य किया। इसका प्रतिकार करने हुतात्मा नाथूराम गोडसे जी एवं हुतात्मा नारायण आप्टे जी को आज ही के दिन 15 नबम्बर 1949 को अंबाला की जैल मे फांसी देकर बलिदान दिया । हिंदू महासभा ने 15 नबम्बर 2017 में आज ही के दिन अपने निजी भवन में हुतात्मा गोडसे मंदिर में मूर्ति स्थापित की लेकिन शिवराज सिंह सरकार ने संविधान में दिए गए आधिकारों पर कुठाराघात कर हुतात्मा गोडसे जी की मूर्ति को असंवैधानिक तरीके से जब्त कर करोड़ों राष्ट्र भक्तो की भावनाओ के साथ अन्याय किया । आज हुतात्मा गोडसे मंदिर की छटवीं वर्ष गांठ हम मना रहे हैं। गोष्ठी की अध्यक्षता हिंदू महासभा के वरिष्ठ नेता रामबाबू शर्मा ने कहा कि भाजपा के चुनाव प्रचार कर रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बनिए का बेटा हूं हिसाब लेकर आया हूँ कहकर देश मे जाति हिंसा फैलाने का हिंदू महासभा ने आरोप लगाया। कांग्रेस की कार्बन कॉपी है भाजपा। अंत में भारत विभाजन मे शहीद हुये तथा हुतात्मा नाथूराम गोडसे एवम हुतात्मा नारायण आप्टे जी को दो मिनट का मौन रखकर श्रृदाजंलि दी। इस अवसर पर बडी संख्या में गोडसे भक्त शामिल हुऐ। संचालन प्रवीण अष्ठाना ने की।

# मतदान सामग्री लेकर 16 नवम्बर को प्रात :काल से रवाना होंगे मतदान दल

**ग्वालियर।** जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के समस्त 1662 मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिये तैनात किए गए मतदान दलों को ईवीएम सहित सभी प्रकार की मतदान सामग्री वितरण की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान दलों को 16 नवम्बर को एमएलबी कॉलेज से मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। एमएलबी कॉलेज में ही 17 नवम्बर को मतदान के बाद ईवीएम व मतदान सामग्री प्राप्त कर विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी जायेगी। बुधवार को सामग्री वितरण की फायनल रिहर्सल की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने बुधवार को मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार भी उनके साथ थे। ज्ञात हो विधानसभा आम निर्वाचन के लिये निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 17 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से सायंकाल 6 बजे तक मतदान होगा। जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने के लिये तैनात किए गए मतदान दलों को मतदान सामग्री प्राप्त करने और जमा करने के लिये लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। मतदान दलों को उनके बैठने के लिये निर्धारित स्थल पर ही ईवीएम सहित सम्पूर्ण मतदान सामग्री प्रदान की जायेगी। इसी तरह मतदान समाप्ति के बाद इसी व्यवस्था के तहत मतदान दलों से जगह से ही ईवीएम व मतदान सामग्री प्राप्त की जायेंगीं। मतदान सामग्री वितरण के लिये एमएलबी कॉलेज में सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिये अलग-अलग स्थल निर्धारित किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्रवार कलर कोडिंग भी की गई है, जिससे मतदान दल आसानी से अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुँच सकें। विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के लिये गुलाबी, ग्वालियर के लिये हलका हरा, ग्वालियर पूर्व के लिये ग्रे, ग्वालियर दक्षिण के लिये सफेद, भितरवार के लिये बैगनी व डबरा के लिये बैगनी कलर के गेट बनाए गए हैं। सामग्री वितरण के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 123 सेक्टर बनाए गए हैं। हर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में सेक्टर अधिकारी के नेतृत्व में मास्टर ट्रेनर, लेखा अधिकारी, राजस्व निरीक्षक व पटवारी, एक सहायक वर्ग-3 के समक्ष कर्मचारी व चार भृत्य शामिल किए गए हैं। हर सेक्टर में यह प्रदर्शित किया गया है कि किस मतदान दल को किस जगह बैठना है।

दो चरणों में प्रातः 6 बजे व प्रातः 10 बजे से होगा मतदान सामग्री का वितरण-**मतदान सामग्री वितरण के लिये विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र** 14-ग्वालियर ग्रामीण, 18-भितरवार व 19-डबरा (अजा) के मतदान दलों को प्रातः 6 बजे आने को कहा गया है। इस क्षेत्र के मतदान दलों को ईवीएम सहित मतदान सामग्री वितरण करने के बाद प्रातः 8 बजे से विशेष वाहनों द्वारा संबंधित मतदान केन्द्रों के लिये रवाना करने का कार्यक्रम बनाया गया है। इसके बाद प्रातः 10 बजे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व व 17-ग्वालियर दक्षिण के मतदान दलों को बुलाया जायेगा। इन्हें मतदान सामग्री वितरित करने के बाद दोपहर 12 बजे से विशेष वाहनों द्वारा मतदान केन्द्रों के लिये रवाना किया जायेगा।



**इस प्रकार रहेगी एमएलबी कॉलेज में प्रवेश व्यवस्था**-मतदान सामग्री वितरण दिवस के दिन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 14-ग्वालियर ग्रामीण व 15-ग्वालियर के मतदान दल व वितरण के लिये तैनात किए गए अधिकारी-कर्मचारी बीएसएनएल गेट की तरफ से एमएलबी कॉलेज में प्रवेश कर निर्धारित स्थल पर पहुँच सकेंगे। इसी तरह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व, 17-ग्वालियर दक्षिण, 18-भितरवार व 19-डबरा (अजा) के लिये कटोराताल की ओर वाला गेट निर्धारित किया गया है।

मतदान दलों की मदद के लिए तीन हैल्पडेस्क और कंट्रोल मंच बनाए -मतदान दलों की मदद के लिये सामग्री वितरण स्थल पर तीन हेल्पडेस्क स्थापित की गई हैं। साथ ही एक मुख्य कंट्रोल रूम व हर विधानसभा क्षेत्र के आरओ का अलग-अलग कंट्रोल मंच बनाया गया है। साथ ही बड़े-बड़े फ्लैक्स लगाकर जानकारी प्रदर्शित की गई है। सभी सेक्टर के नजदीक पेयजल व चाय की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पेड कैंटीन भी लगाई गई हैं।

**मतदान दलों को मिलेगी वैलकम किट**-मतदान दलों की हर सुविधा का ध्यान जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा रखा गया है। सभी मतदान दलों के लिये जिला निर्वाचन कार्यालय ने नगर निगम के सहयोग से वैलकम किट तैयार कराई जा रही हैं। वैलकम किट में बिस्किट, नमकीन, चने, मूँगफली, टॉफियाँ व पानी की बोतल उपलब्ध रहेगी। जिस विशेष वाहन से मतदान दल अपने मतदान केन्द्र के लिये रवाना होंगे। उसी वाहन में सम्मानपूर्वक उन्हें यह किट सौंपी जायेगी।

**मतदान दलों को पहुँचाने के लिये 459 वाहनों की व्यवस्था**-जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थित 1662 मतदान केन्द्रों तक पहुँचने के लिये 381 रूट निर्धारित किए गए हैं। सभी मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को पहुँचाने के लिए रिजर्व वाहनों सहित कुल 459 चार पहिया वाहन उपयोग में लाए जायेंगे। अपर जिला दण्डाधिकारी टी एन सिंह ने बताया कि मतदान दलों को पहुँचाने में 219 बसें व 230 मिनी बसें उपयोग में लाई जायेंगी। इनमें 74 रिजर्व वाहन (36 बस व 38 मिनी बस) शामिल हैं। मतदान दलों को यहाँ ग्वालियर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय से मतदान सामग्री के साथ 16 नवम्बर को रवाना किया जायेगा। यहीं पर मतदान के बाद ईवीएम सहित सभी मतदान सामग्री जमा होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-14 ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत 268 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों तक पहुँचने के लिये 66 रूट निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-15 ग्वालियर में 302 मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को पहुँचाने के लिये 69 रूट, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-16 ग्वालियर पूर्व में 319 मतदान केन्द्रों के लिये 80 रूट, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-17 ग्वालियर दक्षिण में 249 मतदान केन्द्रों के लिये 51 रूट, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-18 भितरवार में 266 मतदान केन्द्रों के लिये 66 रूट तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-19 डबरा (अजा.) में 255 मतदान केन्द्रों तक मतदान दलों को पहुँचाने के लिये 51 रूट बनाए गए हैं

**ये भी पहुँचेंगे मतदान केन्द्रों पर**-जिले में विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मकसद से 133 सेक्टर अधिकारी, 28 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 20 उड़नदस्ते व 20 स्थेतिक (एसएसटी) टीम तैनात की गई हैं। एसएसटी नाकों पर तैनात रहेंगीं तथा सेक्टर अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट व उड़नदस्ते मतदान के दिन सतत रूप से मतदान केन्द्रों पर पहुँचेंगे। साथ ही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल सहित अन्य कार्यपालिक दण्डाधिकारी व पुलिस अधिकारी भी मतदान केन्द्रों के भ्रमण पर रहेंगे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478